P372

इंदौर, गुरुवार 03 सितंबर 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 264
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

सड़क चौड़ीकरण की राह में खड़े निर्माणों पर चला निगम का पंजा



पेज-2

महिला एशिया कप में आज हांगकांग से होगा भारत का मुकाबला



पेज-5

तत्काल हो 27% ओबीसी आरक्षण-उमंग सिंघार



पेज-6

### न्यूज ब्रीफ

- तमिलनाडु : शराब की बोतल पर ज्यादा चार्ज करना पड़ा भारी, TASMAC के 67 कर्मचारी सस्पेंड
- दिल्ली कैंट में थार ने बाइक सवार को कुचला, दो की मौत
- 290 करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में ED का बड़ा एक्शन, कोलकाता में 11 ठिकानों पर छापेमारी
- केदारनाथ धाम के लिए 15 सितंबर से फिर शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा, 7 सितंबर से ऑनलाइन बुकिंग
- नेपाल बाढ़ में अब तक 1222 लोगों के शव बरामद, 4875 लोग अब भी लापता
- अंकित बालियान हत्याकांड : शूटर सत्यम कादयान और आर्यन पर 1-1 लाख का ईनाम
- SIR : पंजाब की वोटर लिस्ट से राघव चड्ढा का नाम कटा
- अमेरिका : मिनियापोलिस फायरिंग में 2 लोगों की मौत, शूटर भी मारा गया
- 'ईरान पर फिर से अटैक करने को तैयार अमेरिका', ट्रंप का बड़ा ऐलान

# 'जेन जी' पर कांग्रेस की नजर अधेड़ों के भरोसे भाजयुमो!

आशीष गुप्ता : 9425064357

**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत**

राजनीति में युवा चेहरे हमेशा से सबसे बड़ी ताकत माने जाते रहे हैं, लेकिन अब युवा राजनीति की परिभाषा और प्राथमिकताएं बदलती नजर आ रही हैं। एक ओर कांग्रेस नई पीढ़ी यानी जेन-जी को अपने साथ जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है, वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) में उम्रदराज नेता युवाओं को अपने पैरों तले कुचलने के लिए तैयार है और पद छोड़ने को तैयार ही नहीं है, क्योंकि उन्हें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का वरदहस्त प्राप्त है।

राहुल गांधी देश के विभिन्न हिस्सों में युवाओं के साथ संवाद करने में जुटे हुए हैं और अलग-अलग प्रदेशों में इस तरह के आयोजन कर लाखों युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने के अभियान में जुटे हुए हैं। कांग्रेस का फोकस अब सोशल मीडिया पर सक्रिय, नए विचारों वाली और पहली बार मतदान करने वाली युवा पीढ़ी तक पहुंच बनाने पर है।

इसके उलट भाजयुमो में कई पुराने नेता अपना स्थान छोड़ने को तैयार ही नहीं है और नए व्यक्ति को आगे आने ही नहीं देना चाहते हैं। वर्तमान में इंदौर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में काफी उम्रदराज नेता जिनकी उम्र 35 साल के ऊपर हो चुकी है, लेकिन अपने आकाओं के कारण जेन जी के नए छात्रों को प्रवेश के लिए रोक रहे हैं। मजबूर होकर जेन जी के कई छात्र कांग्रेस की शरण में जा रहे हैं, क्योंकि यह नेता अपने क्षत्रपों के कारण हटना ही नहीं चाहते हैं।

कई स्थानों पर ऐसे चेहरे दिखाई दे रहे हैं, जिनकी उम्र को लेकर सवाल उठते रहे हैं। संगठन में यह लोग वर्षों से अपना स्थान जमाए हुए हैं। ये इसलिए नहीं हटना चाहते हैं कि इनके कई काम-धंधे व्यावसायिक कार्य अगर पद पर नहीं रहेंगे तो प्रभावित होंगे। इसलिए यह नेता साम-दाम-दंड-भेद अपनाकर यह पद प्राप्त करना चाहते हैं।



### धीरज ठाकुर



■ राजनीतिक जानकार और बीजेपी के हीं एक सूत्र ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि धीरज ठाकुर का कार्यक्षेत्र जमीन से जुड़ा हुआ है। उनको लेकर इस तरह की अनेक शिकायतें गत वर्षों में हुई है। सूत्र यह भी बताते है कि सुपर कॉरिडोर से जुड़ी कई कॉलोनी में धीरज ठाकुर की हिस्सेदारी बताई जा रही है। अगर प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा की गाइडलाइन को माना जाए तो लगभग 35 वर्षों तक के युवाओं को मोर्चे में पदाधिकारी बनाया जा सकता है, जबकि विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार इनकी उम्र कक्षा 10वीं की अंकसूची के अनुसार 38 वर्ष हो चुकी है। इसके बावजूद भी इनका युवा मोर्चा से प्रेम हट ही नहीं रहा है। राजनीतिक सूत्र यह भी बताते हैं कि युवा मोर्चा के पद के बिना अपने व्यापार-व्यवसाय को सुरक्षित रखने में अड़ने आएगी।

### मयूरेश पिंगले



■ गत दिवस भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष के एक और दावेदार मयूरेश पिंगले और उनके परिजनों के खिलाफ जमीन का मामला काफी चर्चा में आया था। सूत्रों के अनुसार शिकायतकर्ता ने इस संबंध में शिकायतों की कॉपी भोपाल भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के साथ आला नेताओं को भेजी थी। बहरहाल उनके इस पद की दावेदारी को लेकर इस आधार पर कमजोर बताया जा रहा है कि वो भी पहले युवा मोर्चा में पदाधिकारी रह चुके हैं और राजनीतिक सूत्र यह बता रहे हैं कि उनके और उनके परिजनों के खिलाफ जमीनों से जुड़े अनेक मामलों में जांचें चल रही है। इनकी उम्र कक्षा 10वीं की अंकसूची के अनुसार इनका जन्म दिनांक 18.07.1985 है। इनकी उम्र 41 वर्ष हो चुकी है। 'दैनिक इंदौर संकेत' के पास इसके अधिकृत प्रमाण मौजूद है। पर इनका युवा मोर्चा प्रेम अभी नहीं हट रहा है।

# पाकिस्तानी फाइटर जेट गिराने वाले अभिनंदन ने एयरफोर्स छोड़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी) ●** इंडियन एयरफोर्स के पूर्व ग्रुप कैप्टन और वीर चक्र विजेता अभिनंदन वर्तमान ने रिटायरमेंट लेकर प्राइवेट एयरलाइन जॉइन कर ली है। अधिकारियों के मुताबिक, उन्होंने 31 मार्च 2026 को वायुसेना छोड़ी।

अभिनंदन अगस्त में प्राइवेट एयरलाइन FLY91 से जुड़ गए हैं। यहां वे कॉमर्शियल यात्री विमान के पायलट होंगे। करीब दो दशक एयरफोर्स में सेवा देने के बाद यह उनके करियर की नई पारी है। अभिनंदन 27 फरवरी 2019 को पाकिस्तानी फाइटर जेट F-16 गिराने के बाद सुर्खियों में आए थे। इस दौरान उनका MiG-21 मिसाइल की चपेट में आ गया और उन्हें इजेक्ट होकर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके यानी PoK में उतरना पड़ा। पाकिस्तान ने करीब 60 घंटे हिरासत में रखने के बाद 1 मार्च 2019 को उन्हें भारत को सौंप दिया था। एयरफोर्स से रिटायर पायलट सिविल एविएशन में जा सकते हैं। इसके लिए उन्हें DGCA के नियमों के मुताबिक सिविल पायलट लाइसेंस, जरूरी ट्रेनिंग और मेडिकल फिटनेस की शर्तें पूरी करनी होती हैं। सैन्य उड़ान का अनुभव इसमें काम आता है।

# फिर लगेगा बिजली का करंट! 15 से 20% तक होगी बढ़ोतरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** मध्यप्रदेश में 2027-28 से बिजली दरों में 15 से 20% तक बढ़ोतरी की आशंका ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। 8 सितंबर की जनसुनवाई के बाद प्रस्तावित टैरिफ पर तस्वीर साफ होगी।

2027-28 से नई बिजली दरें लागू करने की तैयारी है। बिजली दरों में 15 से 20% बढ़ोतरी संभव है। घरेलू उपभोक्ताओं पर इसका सीधा असर पड़ेगा। वितरण हानि और लागत को लेकर सवाल उठे हैं। तीन साल में बिजली दरों पर 207 आपत्तियां आईं। 8 सितंबर को जनसुनवाई के बाद तस्वीर साफ। मध्यप्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए आने वाला समय जेब पर भारी पड़ सकता है। 2027-28 से लागू होने वाले प्रस्तावित टैरिफ में बिजली दरों में 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की आशंका सामने आई है। हालांकि अंतिम फैसला अभी बाकी है और 8 सितंबर की जनसुनवाई इसके लिए अहम पड़ाव होगी। लेकिन इस पूरी कवायद में सबसे बड़ा सवाल सिर्फ बिजली महंगी होने का नहीं है। बिजली वितरण व्यवस्था की खामियों और बढ़ती लागत का हिसाब आखिर कौन देगा? टैरिफ बढ़ाने के पीछे वितरण कंपनियों की लागत, परिचालन खर्च, वित्तीय स्थिति, पूंजी पर प्रतिलाभ और अन्य शुल्क जैसे कई आधार बताए जाते हैं।

# मोदी कैबिनेट में फेरबदल की चर्चा तेज, वैष्णव-गडकरी पर नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी) ●** मोदी कैबिनेट में बड़े फेरबदल की चर्चा तेज हो गई है। 16 से 17 नए चेहरों को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है। अश्विनी वैष्णव के प्रमोशन की अटकलें सामने आई हैं। नितिन गडकरी का मंत्रालय भी बदल सकता है।



बीजेपी संगठन में हाल ही में बदलाव हुआ था। इसके बाद अब मोदी कैबिनेट को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में बड़े फेरबदल की अटकलें लगाई जा रही हैं। 2 सितंबर 2026 की मीडिया रिपोर्टों में इसका जिक्र किया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक केंद्र सरकार में बड़े स्तर पर बदलाव हो सकता है। इसमें 16 से 17 नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल करने की बात कही जा रही है। कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभाग भी बदल सकते हैं। हालांकि सबसे जरूरी बात यह है कि अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। किसी मंत्री की विदाई, प्रमोशन या विभाग बदलने की पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए इसे फिलहाल सिर्फ अटकल के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

**नए चेहरों की चर्चा तेज-** संभावित फेरबदल में युवा और नए चेहरों को प्राथमिकता मिल सकती है। आने वाले विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखा जा रहा है। इसलिए क्षेत्रीय संतुलन साधने की कोशिश हो सकती है। पहले की रिपोर्टों में कुछ राज्यों के नाम सामने आए थे।

## शिक्षण संस्थानों में नजर आए बाल कन्हैया...



**इंदौर ●** जन्माष्टमी के अवसर पर अनेक शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें बच्चों को विशेष तौर पर भगवान श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं के प्रतिस्वरूप बच्चों को तैयार किया जाता है। चित्र पिंक फ्लावर स्कूल का। (**विस्तृत समाचार पृष्ठ 2 पर**)

# आरजीपीवी से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाना राजनीति से प्रेरित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटने और उससे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाने के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इसे एक राजनीतिक विद्वेष से भरा कदम बताया है और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि केवल नाम बदल देने से इतिहास के पन्नों और जनता के दिलों से राजीव गांधी जी के योगदान को मिटाया नहीं जा सकता।



अजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा सरकार ने एक सुनियोजित साजिश के तहत ही राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में बांटने का प्रपंच रचा है, ताकि देश के महान नेता का नाम इस प्रतिष्ठित संस्थान से विलोपित किया जा सके। उन्होंने भारत के आधुनिक विकास में राजीव गांधी के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि देश में कंप्यूटर तकनीक और आधुनिक प्रौद्योगिकी को लाने का पूरा श्रेय राजीव गांधी जी को जाता है। उन्होंने ही भारत में कंप्यूटर युग की शुरुआत की थी, जिसने आज हमारे देश को वैश्विक स्तर पर एक आईटी महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनका यह योगदान अविस्मरणीय है और इसके लिए देश उन्हें हमेशा याद रखेगा। अजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की नाम बदलने की राजनीति कर रही है।

# लेटर-लेटर के खेल में टला राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज'

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** राहुल गांधी का इंदौर दौरा अब 12 सितंबर को नहीं होगा। कांग्रेस के प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तारीख एक सप्ताह आगे बढ़ाकर 19 सितंबर कर दी गई है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने के बाद यह बदलाव किया गया है।

कांग्रेस ने राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए नेहरू स्टेडियम की मांग की थी। इसे लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच पिछले दिनों बयानबाजी के साथ पत्रों का दौर भी चला। कांग्रेस की ओर से स्टेडियम उपलब्ध कराने की मांग की गई, वहीं भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को दूसरे स्थानों पर कार्यक्रम करने की सलाह दी।

अब 19 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम के लिए रीजनल पार्क के सामने मैदान को संभावित स्थल के तौर पर तैयार करने की कवायद चल रही है। हालांकि, आयोजन स्थल को लेकर अंतिम स्थिति अभी स्पष्ट होना बाकी है। कांग्रेस के पास अन्य वैकल्पिक स्थानों पर भी विचार करने का विकल्प है।



'छात्रों की गूंज' में राहुल गांधी छात्रों और युवाओं से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार, पेपर लीक, फीस वृद्धि और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा प्रस्तावित है। इस पूरे मामले में दिलचस्प बात यह रही कि भाजपा-कांग्रेस के बीच 'लेटर बम' चलता रहा और कार्यक्रम की जगह को लेकर सियासत गर्माती रही। अब तारीख 12 की जगह 19 सितंबर हो गई है और कांग्रेस नए स्थल के साथ तैयारियों को आगे बढ़ा रही है।

## नामांतरण घोटाले के बाद अब नई व्यवस्था लागू

# अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी लेजर कॉपी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** नगर निगम में हुए नामांतरण घोटाले के बाद नामांतरण प्रकरणों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अब नगर निगम ने नई व्यवस्था लागू की है। नामांतरण दाखिला के साथ आवेदक को अनिवार्य रूप से लेजर कॉपी (प्रति) भी उपलब्ध कराई जाएगी।




नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर नगर पालिक निगम, इंदौर ने संपत्तियों से संबंधित नामांतरण प्रकरणों में पारदर्शिता के उद्देश्य से ये नई व्यवस्था लागू की है।

इसके तहत नामांतरण की कार्रवाई पूरी होने के बाद संबंधित आवेदक को नामांतरण दाखिला के साथ नामांतरण बाद प्राप्त लेजर की कॉपी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। नगर निगम ने जनता से अपील भी की है कि नामांतरण दाखिला प्राप्त करते समय संबंधित आवेदक लेजर की प्रति अवश्य प्राप्त करें और उसमें दर्ज संपत्ति, संपत्तिकर खाते और नामांतरण से संबंधित विवरण का भली-भांति अवलोकन कर लें। लेजर में दर्ज विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति पाए जाने पर आवेदक तत्काल संबंधित ऑफिस में इसकी जानकारी देकर आवश्यक सुधार करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि हालही में हुए नामांतरण घोटाले के बाद व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

न्यूज ब्रीफ

## 7 सितम्बर को आयोजित होने वाला युवा संगम (रोजगार मेला) स्थगित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 7 सितम्बर 2026 को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में आयोजित युवा संगम (रोजगार मेला) स्थगित कर दिया गया है। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से रोजगार मेले का आयोजन स्थगित किया गया है। रोजगार मेले की आगामी तिथि एवं स्थान बाद में निर्धारित कर इसकी सूचना दी जाएगी।

## डिब्बे तथा बोतल में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पेट्रोल पंप से डिब्बे तथा बोतल या अन्य किसी खुले रुप में पेट्रोल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किये गये हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 24 अक्टूबर तक लागू रहेगा।

## प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर में सोशल मीडिया के प्लेटफार्मस पर साम्प्रदायिक, सामाजिक एवं जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने संबंधी किसी भी प्रकार के संदेशों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 24 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगा।

## भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● पुलिस आयुक्त श्रसंतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर इंदौर नगरीय सीमा में सांप्रदायिक तनाव और समुदायों के बीच में उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और अन्य गतिविधियों को करने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 24 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगा। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा।

# सड़क चौड़ीकरण की राह में खड़े निर्माणों पर चला निगम का पंजा

**मूसाखेड़ी में 17 दुकानें, बाणगंगा में 7 मकानों के आगे के हिस्से तोड़े**

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर की सड़कों को चौड़ा करने की योजनाएं जमीन पर उतारने में सबसे बड़ी अड़चन सड़क की जद में खड़े निर्माण बन रहे हैं। बुधवार को नगर निगम ने इसी अड़चन को दूर करने के लिए मूसाखेड़ी और बाणगंगा में कार्रवाई की। दोनों क्षेत्रों में कुल 24 निर्माणों के बाधक हिस्सों को हटाया गया। मूसाखेड़ी में 17 दुकानों पर जेसीबी चली, जबकि बाणगंगा के कुम्हार खाड़ी क्षेत्र में सात मकानों के आगे निकले हिस्से तोड़े गए। मूसाखेड़ी में 45 मीटर सड़क का रास्ता साफ: इंदौर विकास योजना-2021 के तहत मूसाखेड़ी चौराहे से सांवरिया धाम मंदिर तक मार्ग को 45 मीटर चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। सड़क विस्तार के लिए चिन्हित हिस्से में 17 दुकानें बाधक बन रही थीं। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर जोन-18 और वार्ड-51 की टीम मौके पर पहुंची। निगम अमले ने कार्रवाई सीधे शुरू करने के बजाय पहले मौके की नपती की और सड़क की प्रस्तावित सीमा में आने वाले हिस्से चिन्हित किए। इसके बाद पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनें लगाई गई और एक-एक कर बाधक निर्माण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा रही।



### बाणगंगा में खुद हटाया, बाकी निगम ने.

कुम्हार खाड़ी क्षेत्र में भी सड़क विस्तार की राह में मकानों के आगे निकले निर्माण बाधक थे। यहां निगम की टीम तीन जेसीबी लेकर पहुंची। सात मकानों के आगे के अवैध हिस्सों को हटाया गया। कार्रवाई से पहले कई मकान मालिकों ने निगम की कार्रवाई की सूचना मिलने पर अपने स्तर पर ही निर्माण हटा लिए थे। इसके बावजूद सड़क की सीमा में जो हिस्से बचे थे, उन्हें निगम अमले ने जेसीबी से तोड दिया। सडक चौडीकरण के लिए वर्षों से तय प्रस्तावित सीमाओं के बावजूद इन जगहों पर निर्माण खड़े होते रहे और अब उन्हें हटाने की कार्रवाई की जा रही। ऐसे में सवाल यह भी है कि सड़क की जद में आने वाले निर्माणों पर निर्माण के समय ही निगरानी क्यों नहीं हुई? निगम की कार्रवाई ने रास्ता तो साफ कर दिया, लेकिन भविष्य में चौड़ीकरण की योजनाओं में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए निर्माणों की निगरानी और समय पर कार्रवाई भी उतनी ही जरूरी है। है।

## स्वच्छता निरीक्षक के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई 50,000 का फाइन, दुकान सील

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मुस्तैदी से बनाए रखने के लिए इंदौर नगर निगम और टीम फीडबैक फाउंडेशन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनय मिश्रा की विशेष तत्परता और मुख्य भूमिका के चलते राजीव गांधी चौराहे पर स्थित देशी-विदेशी मदिरा दुकान पर कड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। निगमायुक्त के निर्देशों पर अमल करते हुए, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक विनय मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर वाइन शॉप परिसर के बाहर फैलाई जा रही गंदगी का जायजा लिया और तुरंत मोर्चा संभाला। उनके कड़े रुख और त्वरित मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुकान संचालक पर 50,000 की ऑन-स्पॉट चालानी कार्रवाई ठोकी। विनय मिश्रा जी के समन्वय से ही राजस्व विभाग की टीम ने बिना देर किए शराब दुकान को सील करने की कार्रवाई पूरी की।



## द ग्रीन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में शालेय संभाग स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, इंदौर संभाग, इंदौर के तत्वावधान में द ग्रीन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में शालेय संभाग स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों से बड़वानी ,खंडवा, खरगोन , अलीराजपुर, बुरहानपुर और धार के बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के 14 वर्ष बालक वर्ग में इंदौर जिले की टीम ने शुरुआत से ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने सभी मुकाबलों में शानदार खेल का प्रदर्शन किया व प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। वहीं खरगोन जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर द ग्रीन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर अमन पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मध्य प्रदेश हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ हरदीप सिंह रूपल, राहुल बिछोतिया, उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मैडल प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस कार्यक्रम का संचालन श्री शुभम भगत ने किया व आभार संस्था के खेल शिक्षक हर्षित घेंघट ने माना।




## पिंक फ्लावर स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उल्लासपूर्ण पर्व

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● पिंक फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल के किंडरगार्टन विंग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास, भक्ति और रचनात्मकता के साथ मनाया गया। नन्हे-नन्हे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से भगवान श्रीकृष्ण और राधा के दिव्य स्वरूप को जीवंत कर दिया। विद्यालय परिसर को आकर्षक जन्माष्टमी थीम से सजाया गया तथा नन्हे कृष्ण के लिए सुंदर झूले की विशेष व्यवस्था की गई। विभिन्न कक्षाओं एवं सेक्शनों के बच्चों ने कृष्ण, राधा, गोपियों, ग्वालों, गायों और मोर की वेशभूषा धारण कर गोकुल की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। रंग-बिरंगी वेशभूषा, मनमोहक नृत्य और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। नन्हे कलाकारों के मनमोहक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। वहीं, उत्साह और उमंग से भरपूर मटकी फोड़ गतिविधि ने समारोह में रोमांच और आनंद का रंग भर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती शांता सोनी, श्रीमती एकता सोनी एवं डायरेक्टर श्री हिमांशु सोनी की गरिमामयी उपस्थिति ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन किंडरगार्टन इंचार्ज श्रीमती प्रीति कुलकर्णी द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। जन्माष्टमी का यह आयोजन बच्चों के लिए केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का एक सुंदर अवसर भी रहा।

## बगैर अनुमति के आयोजन करने पर प्रतिबंध

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था/राजनैतिक संगठन/अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है। सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा। ऐसे जनसमूह जो एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति भंग करते हैं प्रतिबंधित होंगे। किसी भवन, सार्वजनिक स्थान एवं निजी स्थान पर एवं ऐसी किसी भी वस्तु जिससे किसी जन सामान्य को खतरा महसूस हो एवं आपत्तिजनक हथियार, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री का संधारण प्रतिबंधित होगा।

## शा. महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में बलराम जयंती पर कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किलाभवन इंदौर में बलराम जयंती के पावन अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भगवान बलराम के जीवन, व्यक्तित्व, कृषि संस्कृति, श्रम एवं भारतीय परंपरा में उनके योगदान से परिचित कराना तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन तथा आई.क्यू.ए.सी प्रभारी प्रो. मनीषा जोशी के निर्देशन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा संपन्न हुआ।

## किरायेदारों, कर्मचारियों, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की जानकारी पुलिस को देना अनिवार्य

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु किरायेदारों, घरेलू कामगारों, कर्मचारियों, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों, पेइंग गेस्ट आदि की जानकारी संबंधित थाने पर दिया जाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार किरायेदारों की सूचना संबंधित मकान/दुकान मालिक द्वारा संबंधित थाने पर विहित प्रारूप में दी जाना होगी। इसके पूर्व मकान/दुकान किराये से नहीं दी जाये। साथ ही आई.डी. प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। घरेलू कामगारों एवं व्यावसायिक कर्मचारियों की सूचना भी संबंधित मालिक द्वारा थाने पर विहित प्रारूप में देना होगी। उनसे भी आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लेना होगा। छात्रावासों में रह रहे छात्र एवं छात्राओं की सूचना विहित प्रारूप में संबंधित थाने को दी जाना होगी। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाना होगा। होटल, लॉज, धर्मशाला में रुकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेना होगा। ठहरने वाले व्यक्तियों की सूची विहित प्रारूप में प्रतिदिन थाने पर देना होगी।

## शहर की बिजली वितरण क्षमता 1750 एमवीए हुई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर इंदौर शहर की बिजली वितरण क्षमता में सतत वृद्धि करने, अत्याधुनिक तकनीक के उपभोक्ता सेवा कार्यों में उपयोग, गुणवत्तापूर्ण मैंटेनेंस के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को इंदौर शहर के पश्चिम संभाग अंतर्गत संगम नगर के 33/11 केवी सब स्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर को मौजूदा क्षमता 5 एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। अब इस सब स्टेशन के सभी पावर ट्रांसफार्मरों को मिलाकर कुल बिजली वितरण क्षमता 30 एमवीए हो गई हैं।



## 6 सितंबर को भोपाल में जुटेगा परशुराम सेना का प्रदेश संगठन

**इंदौर से 20-25 वाहनों में 60-80 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता होंगे शामिल**

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●परशुराम सेना मध्य प्रदेश की प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक 6 सितंबर 2026 को भोपाल में आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेशभर से संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम सामाजिक न्याय विभाग सभागार, दिव्यांगजन सशक्तिकरण परिसर, लिंक रोड नंबर-3, भोपाल में होगा। श्री परशुराम सेना इंदौर महानगर के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा (पप्पी) ने बताया कि इंदौर से 20 से 25 वाहनों में लगभग 60 से 80 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भोपाल पहुंचकर बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 407 तहसीलों के पदाधिकारियों की सहभागिता इस बैठक को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनाएगी। परशुराम सेना के संस्थापक सदस्य पं. प्रेम बागोर ने बताया कि बैठक में परशुराम कल्याण बोर्ड, मध्य प्रदेश शासन के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया जी तथा परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पं. अनूप शुक्ला की प्रमुख उपस्थिति रहेगी। बैठक में परशुराम सेना के संरक्षक पं. राकेश चतुर्वेदी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पं. सुधीर शर्मा सहित प्रदेश, जिला एवं तहसील स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर होगा मंथन बैठक में पिछले तीन वर्षों के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा के साथ संगठन को जिले, तहसील और गांव-गांव तक मजबूत करने, समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सेवा एवं सहयोग पहुंचाने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा होगी।

## तिमाही परीक्षाएं 7 से, 40 हजार से ज्यादा देंगे परीक्षा मंडल ने विषय विशेषज्ञों से बनवाएं पेपर

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की शैक्षणिक सत्र 2026-27 की हाईस्कूल और उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं की त्रैमासिक परीक्षाएं 7 सितंबर से शुरू हो रही है। इस बार तिमाही परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए है। परीक्षाएं दो सत्रों में होगी कक्षा 9वीं और 10वीं की परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक, जबकि कक्षा 11वीं और 12वीं की परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होंगी। परीक्षाएं 7 सितंबर से शुरू होकर 17 सितंबर तक चलेंगी, जिनमें गणित, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान समेत विभिन्न विषयों का विस्तृत शेड्यूल निर्धारित किया गया है।

**तैयारी की जा रही**

परीक्षाएं स्कूल में ही आयोजित होंगी। जिसके लिए बैठक व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल और शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष तिमाही परीक्षाओं के प्रश्न पत्र उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर इंदौर के विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार कराए गए हैं। ये विषय विशेषज्ञों द्वारा 31

वेबसाइट पर प्रोग्राम

प्रायोगिक विषयों और समय सारणी में शामिल नहीं किए गए विषयों की परीक्षाएं 7 से 17 सितंबर के बीच विद्यालय स्तर पर प्राचार्य द्वारा आयोजित की जाएंगी।

## नीम करौरी धाम द्वारा आयोजित राम नाम जाप 201 करोड़ 91 लाख 81 हजार 8 बार हुआ

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● नीम करौरी धाम इंदौर, पिगडंबर में आयोजित चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर नीम करौरी बाबा के पौत्र डॉ. धनंजय शर्मा जी पधारे। मंदिर को फूल बंगले के रूप में सजाया गया जो सभी के आकर्षक का केंद्र रहा। नीम करौरी धाम इंदौर के संस्थापक प्रमोद झा ने बताया कि नीम करौरी धाम इंदौर, पिगडंबर द्वारा श्रावन मास में सौ करोड़ नाम का जाप का लक्ष्या रखा था। परंतु देश एवं विदेशी भक्तों ने यह आशा से अधिक राम नाम का जाप किया।

नीम करौरी धाम इंदौर द्वारा आयोजित राम नाम जाप 201करोड़ 91 लाख 81 हजार 8 बार हुआ । 54 हजार 524 भक्तों ने किया लक्ष्य पूर्ण। भारत के सभी राज्यों एवं केंन्द्र शासित प्रदेशों के भक्तों ने राम नाम का जाप विश्व के 16 देशों के अमेरिका, जर्मनी, कतर, बेल्जियम, स्वीटजर लैंड, मारिशश, दुबई, यूके, नेपाल, आस्ट्रेलिया, थाईलैंड,अरब अमीरात, केतिया, युंगाड्डा एवं पाकिस्तान सहित विदेशी भक्तों ने भी किया राम नाम का जाप किया। लायंस क्लब द्वारा मेदांता हॉस्पिटल की टीम के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। सायं महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इस वर्ष से नीम करौरी सेवा सम्मान नरेश दीक्षित लखनऊ संपादक हनुमंत कृपा पत्रिका विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में भक्ति संगीत के लोकप्रिय गायक सुधीर व्यास ने अपनी मधुर भजनों की काव्यांजलि दी। अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार शोभा ताई वैद्य एवं डॉ इमरान खान द्वारा अपनी चित्रांजलि अर्पित की गई और अंतर्राष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्राची शर्मा ने शिवा महाराज की रंगोली बनाकर अपनी कलांजलि अर्पित की।

## शकर नियंत्रण आदेश-2026 के तहत खाद्य विभाग की कार्रवाई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू किए गए शकर नियंत्रण आदेश-2026 के तहत इंदौर में खाद्य विभाग की टीम द्वारा शक्कर के स्टॉक की जांच के लिए प्रभावी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान पालदा स्थित एक चॉकलेट निर्माण इकाई में निर्धारित स्टॉक सीमा से अधिक शक्कर पाए जाने पर 375 क्विंटल शक्कर जप्त की गई है। प्रकरण में आगे की जांच एवं कार्रवाई जारी है। खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पालदा स्थित पैपे न्यूट्रिशन, 360/1 उद्योग नगर, पालदा, इंदौर का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान निर्धारित स्टॉक सीमा से अधिक शक्कर का भंडारण पाए जाने पर मौके से 375 क्विंटल शक्कर जप्त की गई। प्रतिष्ठान के भागीदारों से संबंधित दस्तावेज एवं स्टॉक का परीक्षण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम द्वारा पालदा क्षेत्र में स्थित शक्कर डीलरों के गोदामों का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान आकाश एंटरप्राइजेज में 2820 क्विंटल, प्रतीक ट्रेडर्स में 2885 क्विंटल, राज ट्रेडर्स में 2378 क्विंटल, अशोक इंटरप्राइजेज में 2600 क्विंटल, सार्थक इंटरप्राइजेज में 2578 क्विंटल, कशिश इंटरप्राइजेज में 1595 क्विंटल, घनश्याम दास आनंदराम बहरारी ट्रेड्स में 1580 क्विंटल, कृति ट्रेडिंग पालदा में 3813 क्विंटल तथा स्वस्तिक इंटरप्राइजेज में 1641 क्विंटल शक्कर का स्टॉक पाया गया।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 03 सितंबर 2026

## न्यूज ब्रीफ

### जन्माष्टमी की शोभायात्रा में कल द्रोपदी का चीरहरण रोकने आएंगे श्रीकृष्ण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के सभी प्रमुख यादव अहीर संगठनों की ओर से यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में शुक्रवार 4 सितम्बर को सुबह 10 बजे बड़ा गणपति चौराहे से निकलने वाली विशाल शोभा यात्रा में विभिन्न संगठनों द्वारा 7 मनोहारी झांकियां भी शामिल रहेंगी। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा द्रोपदी के चीरहरण को रोकने, गोवर्धन पर्वत को एक अंगुली पर उठाकर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देने, कालियादेह नाग का मर्दन और जगन्नाथ के मंदिर में विराजमान राधा-कृष्ण के अलावा राधारानी संग रासलीला से लेकर कंस वध के लिए जाते हुए अनेक हाथियों के बल वाले एक हाथी को मल्ल युद्ध में पराजित करने सहित कुल 7 झांकियां इस रजत जयंती शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### इको-फ्रेंडली मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला 5 को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज एवं द रोटरी क्लब ऑफ रॉयल्स के तत्वावधान में शनिवार 5 सितंबर को दोपहर 2 बजे से जानकी नगर स्थित टेलेंट हा. से. स्कूल में बच्चों के लिए इको-फ्रेंडली मिट्टी के गणेशजी बनाने की विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस अनूठी एवं रचनात्मक कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए भारतीय संस्कृति एवं गणेश उत्सव की परंपराओं से जोड़ना है। महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख प्रतिभा मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों को इको-फ्रेंडली मिट्टी वितरित कर उन्हें अपने हाथों से गणेशजी बनाना सिखाया जाएगा। गणेशजी बनाने का यह प्रशिक्षण प्रसिद्ध एवं रेनॉन्ड आर्टिस्ट अर्पिता बंसल देंगी। बच्चों को गणेश प्रतिमा में रंग भरने एवं उसे आकर्षक रूप से सजाने की कला भी सिखाई जाएगी।

### श्रीअग्रसेन महासभा की मेजबानी में होने वाले अभा परिचय सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्रीअग्रसेन महासभा की मेजबानी में 19-20 सितम्बर को राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक आयोजित किए जा रहे अ.भा. अग्रवाल निशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए अब तक देश के 12 राज्यों से 1500 से अधिक प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं। इनमें अधिकांश प्रत्याशी उच्च शिक्षित होकर ऊँचे पैकेज पर देश-विदेश में कार्यरत हैं और स्वयं के कारोबार में भी स्थापित हैं। सम्मेलन के प्रति समाज बंधुओं के उत्साह को देखते हुए लगता है कि करीब 2 हजार प्रत्याशी इस सम्मेलन में शामिल होंगे। शहर के अनेक अग्रवाल संगठन भी इस सम्मेलन में अपना हरसंभव सहयोग देंगे। महासभा के अध्यक्ष राजेश जिंदल, सचिव अनूप सिंघल एवं सम्मेलन के प्रमुख संयोजक मोहनलाल बंसल ने बताया कि बुधवार को सम्मेलन स्थान शुभकारज गार्डन पर आयोजित बैठक में महासभा के पदाधिकारियों के साथ शहर के उन संगठनों के बंधुओं को भी आमंत्रित किया गया, जो लम्बे अरसे से परिचय सम्मेलन आयोजित करते आ रहे हैं। इन सभी बंधुओं ने महासभा द्वारा किए जा रहे निशुल्क परिचय सम्मेलनों की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि वे भी 19-20 सितम्बर को हो रहे इस सम्मेलन में सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक में प्रमोद बिंदल, त्रिलोक अग्रवाल, नवीन बागड़ी, अजय अग्रवाल विजयनगर, भावना अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विभिन्न अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर आश्वस्त किया कि वे इस सम्मेलन के माध्यम से अधिक से अधिक प्रविष्ठियां तो भिजवाएंगे ही, अधिक से अधिक रिश्ते भी तय करवाने में सहयोग करेंगे।

# इंफ्लूएंसर रील बनाकर बताएंगे भाजपा सरकार में बदलाव की तस्वीर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● जंतर-मंतर के जेन-जी प्रोटेस्ट के बाद भाजपा का फोकस अब उसी युवा पीढ़ी की मोबाइल स्क्रीन पर है। पीएम मोदी के जन्मदिन से शुरू हो रहे 'सेवा संकल्प अभियान' में भाजपा इन्फ्लुएंसर्स और रील्स के जरिए जेन-जी तक पहुंचने की तैयारी में है। इन्फ्लुएंसर्स को उन जगहों पर ले जाया जाएगा, जहां सरकारों के काम से बदलाव आया है। वहीं, हर शक्ति केंद्र को कम से कम 10 रील बनाने का टारगेट दिया गया है। यानी भाजपा का नया कैंपेन 'ग्राउंड पर बदलाव और मोबाइल पर उसकी कहानी' के फॉर्मूले पर चलेगा। रील्स में सरकारी योजनाओं से लाभ पाने वाले वास्तविक लोगों की कहानियां दिखाई जाएंगी। कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लाभार्थियों से संपर्क कर उनकी कहानी रिकॉर्ड करेंगे। रील में लाभार्थी का नाम, स्थान, जिला, संबंधित योजना और उससे जीवन में आए बदलाव की जानकारी भी दर्ज होगी। कार्यकर्ता केवल वीडियो नहीं जुटाएंगे, बल्कि खुद भी रील बनाकर अभियान में भाग लेंगे। यूट्यूब, और इंस्टाग्राम के लिए 60 सेकंड तक की रील तैयार करने और समान हैशटैग, फ्रेम व अभियान पहचान इस्तेमाल करने की योजना है। 'बदला हुआ भारत' अभियान में देश के इन्फ्लुएंसर और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को ऐसे स्थानों तक ले जाने का प्रस्ताव है, जहां पिछले वर्षों में



वास्तविक बदलाव दिखाई देता है। इसका मकसद यह है कि क्रिएटर खुद मौके पर पहुंचें, स्थानीय लोगों से मिलें और वहां हुए बदलाव को अपने अनुभव के आधार पर डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों तक पहुंचाएं।

इसके लिए राज्यों से ऐसे स्थानों की सूची मांगी जाएगी जहां लोगों के जीवन, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर या अवसरों में स्पष्ट बदलाव दिखाई देता हो। सामान्य सरकारी भवन या औपचारिक कार्यक्रम स्थल इसके लिए नहीं चुने जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर पर करीब 50 प्रमुख राष्ट्रीय स्थलों का चयन प्रस्तावित है। 'कहानी बदलाव की' भी बनेगी डिजिटल सीरीज डिजिटल कैंपेन का एक और बड़ा हिस्सा 'कहानी बदलाव की' है। इसके तहत सरकारी योजनाओं से सकारात्मक बदलाव का अनुभव करने वाले नागरिकों की वास्तविक कहानियां वीडियो के रूप में सामने लाई जाएंगी।

अभियान में करीब 25 लाख नागरिकों की कहानियां सामने लाने का प्रस्ताव है। इनमें से लगभग 25 हजार कहानियां शॉर्टलिस्ट और करीब 250 सबसे प्रभावशाली कहानियों को प्रोफेशनल तरीके से तैयार करने की योजना है। जिलों और राज्यों के सोशल मीडिया अकाउंट से चयनित रील्स पोस्ट की जाएंगी।

'आशीर्वाद का दीया' से लेकर सेवा गतिविधियों तक, अभियान में डिजिटल शेयरिंग पर भी जोर रहेगा। नागरिकों, इन्फ्लुएंसर, मंत्रियों और मुख्यमंत्री के दीप के फोटो-वीडियो के साथ साझा करने की योजना है।

स्कूलों में होंगी प्रतियोगिताएं 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच सरकारी और निजी स्कूलों में ड्रॉइंग और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। बच्चों को प्रधानमंत्री के सेवा कार्यों और विकसित भारत की संकल्पना पर जानकारी दी जाएगी। ड्रॉइंग के बाद स्कूल में प्रदर्शनी लगेगी, उत्कृष्ट चित्रों और भाषण के विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे।

गांव-गांव पहुंचेगी 'नमो सेवा गाथा' 25 साल के सेवा कार्य, प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और देश में आए बदलावों को 25 से 30 मिनट के नुक्कड़ नाटक के जरिए गांव-गांव पहुंचाया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, पंचायत, सामुदायिक केंद्र और सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियां होंगी। प्रत्येक जिले में कम से कम 18-20 नाट्य टोलियां लगाने की योजना है।

## अभा वैश्य परिचय सम्मेलन के चार सत्रों में से एक सत्र की कमान संभालेंगी मातृशक्ति



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मप्र वैश्य महासम्मेलन द्वारा विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए 26-27 सितंबर को रिंग रोड स्थित दस्तूर गार्डन पर आयोजित किए जा रहे अ.भा. वैश्य परिचय सम्मेलन के चार सत्रों में से एक सत्र का संचालन पूरी तरह मातृशक्ति के हाथों में रहेगा, वहीं सम्मेलन की विभिन्न व्यवस्थाओं को सँभालने के लिए भी महिलाओं की 5 समितियां गठित की जाएंगी। मंच से प्रत्याशी परिचय सम्मेलन की पूरी जिम्मेदारी महिलाएं संभालेंगी। नवीन पंजीयन, परिचय पुस्तिका वितरण एवं स्टाल्स की व्यवस्थाएं भी महिलाओं के पास रहेगी। मंच पर पहुंचकर परिचय देने में संकोच करने वाले प्रत्याशियों के लिए बनाए जा रहे स्टूडियो की कमान भी महिलाओं के पास रहेगी। मप्र वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई की आवश्यक बैठक बुधवार को टैगोर मार्ग स्थित होटल अप्सरा पर सम्पन्न हुई जिसमें शहर के 25 से अधिक वैश्य समाजों की महिलाओं ने शामिल होकर सम्मेलन की तैयारियों पर विचार मंथन किया।

## विवाह योग्य 2 हजार अग्रवाल युवक-युवती प्रत्याशी 19-20 सितम्बर को आएंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सम्मेलन के प्रमुख संयोजक मोहनलाल बंसल, अरुण आष्टावाले, सतीश मंगल, सह संयोजक गोपालदास गुप्ता एवं संजय पाटनी ने बैठक में बताया कि सम्मेलन स्थल पर बाहर से आने वाले प्रत्याशियों एवं पालकों की सुविधा के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था के साथ ही समाज के वरिष्ठजनों की एक समन्वय समिति भी बनाई जा रही है जो रिश्तों को तय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस समिति में सभी अनुभवी लोग लिए जाएँगे। यह निर्णय भी लिया गया कि समाज बंधुओं के उत्साह को देखते हुए प्रविष्ठियां भेजने की अंतिम तिथि अब 5 सितम्बर से बढ़ाकर 10 सितम्बर कर दी गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी एवं परिवार लाभ ले सकें। सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक प्रत्याशी एवं पालक संस्था के व्हाट्सअप 77470-96106 पर सचित्र विवरण 10 सितम्बर तक भेज सकते हैं। इस तिथि तक मिलने वाली प्रविष्टियों का सचित्र विवरण बहुरंगी परिचय पुस्तिका में प्रकाशित किया जाएगा। मेहमानों के लिए होगी विशेष व्यवस्थाएं - सम्मेलन में आने वाले पंजीकृत प्रत्याशियों को मंच पर पहुंचकर परिचय देने का अवसर तो मिलेगा ही, परिचय पुस्तिका भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। सम्मेलन स्थल पर स्वल्पाहार, चाय, भोजन तथा पेयजल, वाहन पार्किंग एवं सुरक्षा सहित समुचित बैठक, मेगा स्क्रीन, मंच आदि के भी इंतजाम किए जाएँगे। सम्मेलन की तैयारियां प्रारम्भ हो गई हैं।

## हालात चाहे जैसे हों, आशा और पुरुषार्थ बनाए रखें - राष्ट्रसंत सुधासागर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कोल्हू का बैल दिनभर चलता है लेकिन मंजिल पर नहीं पहुँचता। यही स्थिति उस व्यक्ति की भी होती है जो जीवन भर मेहनत तो करता है लेकिन अपने लक्ष्य निश्चित नहीं कर पाता। बार-बार यह सोचना कि 'मैंने इतना सब किया लेकिन मुझे कुछ नहीं मिला' - यह सोच व्यक्ति के पुरुषार्थ को कमजोर बनाता है। इसके बजाय व्यक्ति को स्वयं से पूछना चाहिए कि मैं क्या बन रहा हूँ और मेरी मंजिल के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा क्या है। शरीर की थकान विश्राम से दूर हो सकती है लेकिन मन की हार व्यक्ति को भीतर से तोड़ देती है इसलिए चाहे जैसी परिस्थितियाँ हों, आशा और पुरुषार्थ बनाए रखें। ये दिव्य और प्रेरक विचार हैं संत शिरोमणि प.पू. विद्यासागर म.सा. के परम प्रभावक शिष्य और राष्ट्रसंत मुनि पुंगव प.पू. श्री सुधासागर महाराज के, जो उन्होंने सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में वीआईपी रोड स्थित किला मैदान, दलाल बाग परिसर में निर्मित विद्या-सुधा मंडप में चल रहे चातुर्मास महोत्सव की धर्मसभा में व्यक्त किए। सभा का शुभारंभ मंगलाचरण एवं पाद प्रक्षालन के साथ हुआ। कोकिलाबेन हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने भी आज धर्मसभा में उपस्थित होकर मुनिश्री से शुभाशीर्वाद प्राप्त किए।

## मुख्यमंत्री ने 106.35 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित भदोरा इंडस्ट्रीज का किया वर्चुअल लोकार्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रियाओं को लगातार सरल किया जा रहा है। पहले उद्योग लगाने के लिए 76 प्रकार की अनुमतियां लेनी पड़ती थीं, अब सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से त्वरित अनुमति मिल रही है। भूमि आवंटन की प्रक्रिया भी पहले 50 से 60 दिन में पूरी होती थी, जिसे अब घटाकर 29 दिन के भीतर किया गया है। उद्योगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में भी राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में निवेश और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को खरगोन जिले की कसरावद तहसील के ग्राम पानवा में 106.35 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित भदोरा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के ग्वालियर से वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भदोरा इंडस्ट्रीज के प्रारंभ होने से कसरावद क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अनेक नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि खरगोन के लिए यह महत्वपूर्ण अवसर है और क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास के लिए विभिन्न स्तरों पर निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। खरगोन कपास उत्पादन के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनमें मंडी टैक्स कम करने का निर्णय भी शामिल है। उन्होंने कहा कि उद्योगों और किसानों के विकास से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना, नवकरणीय ऊर्जा तथा औद्योगिक क्षेत्रों की आवश्यकता केअनुरूप विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सघन कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सतत निगरानी की जा रही है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच एवं मिलावट के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, इंदौर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला इंदौर द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण, नमूना संकलन एवं प्राप्त जांच रिपोर्टों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सयाजी होटल, इंदौर से लिए गए खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पनीर, सान्या मीडियम फैट पनीर एवं खोपरा बूरा के 3 नमूने अवमानक, जबकि पिस्ता कतरन एवं मूंगफली दाना के 2 नमूने असुरक्षित पाए गए हैं। वहीं रोस्टेड चना दाल, बारीक सौंफ एवं अजवाइन कुकीज़ के 3 नमूने मानक स्तर के पाए गए हैं। इस प्रकार सयाजी होटल से लिए गए कुल 8 नमूनों में से 2 नमूने असुरक्षित, 3 नमूने अवमानक एवं 3 नमूने मानक स्तर के पाए गए हैं।

## चिन्हित दवाइयों का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम/जनसामान्य के स्वास्थ्य हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने इन्दौर नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में चिन्हित दवाइयों का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही करने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार समस्त नाईट्राजेपाम टेबलेट्स (समस्त नाईट्रावेट टेबलेट्स), समस्त क्लोनेजेपाम टेबलेट्स, समस्त डायजेपाम टेबलेट्स, समस्त ऑक्साजीपाम टेबलेट्स,समस्त इटिजोलाम टेबलेटस,समस्त एल्प्राजोलम टेबलेटस, समस्त कोडीन फास्फेट सिरप/टेबलेटस, क्लोजापाम टेबलेटस (फीजीयम टेबलेट आदि) का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जायेगा। गर्भपात/गर्भसमापन संबंधित औषधियां व उसके ग्रुप श्रेणी की दवाओं (गोली, इंजेक्शन, जेल) का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जायेगा एवं लिखित प्रिस्किप्शन की छायाप्रति संबंधित मेडिकल स्टोर द्वारा रखी जायेगी।

## महिला को जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बचाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रावजी बाजार थाना क्षेत्र के भाट मोहल्ला स्थित भाट समाज धर्मशाला के सामने एक महिला को एक युवक द्वारा जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया जा रहा था। महिला द्वारा विरोध करते हुए मदद के लिए आवाज लगाई गई। इसी दौरान आसपास मौजूद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तत्काल मौके पर पहुँचकर महिला को आरोपी से बचाया तथा आरोपी को मौके पर ही रोक लिया। कार्यकर्ताओं द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मौके पर पहुँचने के बाद आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जिला संयोजक विजय कालखोर ने कहा कि किसी भी महिला के साथ जबरदस्ती, धमकी अथवा उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष एवं गंभीरता से जांच कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि घटना से संबंधित प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज तथा उपलब्ध अन्य साक्ष्यों को जांच में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सके।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### संकोच

मनुष्य का जीवन केवल उसकी प्रतिभा, ज्ञान और कठोर परिश्रम का परिचय नहीं है; वह इस बात की भी परीक्षा है कि वह अपने सत्य, संकल्प और सामर्थ्य को जगत के समक्ष कितनी प्रखरता से प्रस्तुत करता है। 'संकोच' एक ऐसा सूक्ष्म और दीमक की भांति खोखला कर देने वाला मानसिक विकार है, जो व्यक्ति के ओज और आत्मविश्वास का हरण कर लेता है। यह कोई साधारण हिचकिचाहट नहीं, अपितु एक ऐसी अदृश्य श्रृंखला है जो अनंत संभावनाओं से भरे मनुष्य को उसकी ही सीमाओं में कैद कर देती है। जो व्यक्ति इस श्रृंखला को नहीं तोड़ पाता, वह जीवन भर योग्यता के शिखर पर पहुँचने का स्वप्न तो देखता है, परंतु संकोच के धरातल से ऊपर नहीं उठ पाता। संकोच का सबसे मर्मघाती पक्ष यह है कि यह योग्यताओं का सबसे बड़ा शत्रु है। इतिहास साक्षी है कि संसार में अनेक ऐसे प्रतिभावान, मेधावी और कर्मठ व्यक्तित्व हुए, जिनके विचार कालजयी हो सकते थे, जिनकी योजनाएं नए युग का सूत्रपात कर सकती थीं; किंतु वे केवल इसलिए इतिहास के पन्नों में ओझल हो गए क्योंकि वे समय पर संकोच का आवरण नहीं हटा सके। उनके मन के भाव मन में ही तिरोहित हो गए, उनकी महत्वाकांक्षाएं हिचकिचाहट की भेंट चढ़ गईं। जो व्यक्ति संकोच के वशीभूत होकर अपनी बात नहीं कह पाता, वह न केवल स्वयं के साथ अन्याय करता है, बल्कि अपनी प्रतिभा से समाज को भी वंचित कर देता है। मानव समाज में एक मिथ्या धारणा यह व्याप्त है कि हमारी योग्यता, हमारी आवश्यकता और हमारी मौन साधना स्वत: ही दूसरों की दृष्टि में आ जाएगी। परंतु यह जगत इतना संवेदनशील नहीं कि वह आपके अंतर्मन की मूक पुकार को सुन सके। जब तक आप अपने विचारों को मुखरित नहीं करेंगे, अपनी आवश्यकताओं को निर्भीकता से प्रकट नहीं करेंगे, तब तक कोई भी आपकी स्थिति और क्षमता का आंकलन नहीं कर पाएगा। माँगना, अपनी बात रखना या अपने अधिकारों के लिए स्वर मुखर करना हीनता का प्रतीक नहीं, अपितु जीवंतता और स्पष्टता का प्रमाण है। जो माँगने का साहस नहीं रखता, वह पाने के अधिकार से भी स्वत: वंचित हो जाता है। यदि हम जीवन के नैसर्गिक सौंदर्य को देखें, तो संकोचहीनता का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण बाल सुलभ व्यवहार में मिलता है। एक बालक छल-छद्म, लोक-लाज और कृत्रिम संकोच के बंधनों से पूर्णत: मुक्त होता है। उसे जो चाहिए, वह उसके लिए निष्कपट भाव से माँग रखता है और जब तक उसे प्राप्त न कर ले, उसका प्रयास विराम नहीं लेता। परंतु जैसे-जैसे मनुष्य वय की परिपक्वता की ओर बढ़ता है, वह संकोच, भय और झिझक के स्वांग को 'सभ्यता' समझ बैठता है। यही उसकी सबसे बड़ी भूल सिद्ध होती है, क्योंकि संकोच को आश्रय देकर वह सीधे तौर पर अपने ही विकास के मार्गों को रुद्ध कर देता है। यदि हमें जीवन में अपनी क्षमताओं का पूर्ण विस्तार करना है और सफलता के नए क्षितिजों को स्पर्श करना है, तो संकोच रूपी इस अभिशाप से मुक्त होना ही होगा। यह स्मरण रखिए कि संकोच से मुक्ति ही स्वाभिमान और आत्म-साक्षात्कार की प्रथम शर्त है। न अपने विचारों को व्यक्त करने में संकोच करें, न अपने न्यायसंगत अधिकारों को माँगने में झिझकें, और न ही अपने ध्येय की ओर अग्रसर होने में किसी भय को स्थान दें। जब संकोच का अंधकार छटता है, तभी व्यक्तित्व का वास्तविक सूर्य उदित होता है!



**सतीश शर्मा**

# सुरक्षित भारत, सशक्त नेतृत्वः आतंकवाद पर मोदी सरकार का कड़ा प्रहार

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विदेश नीति और आंतरिक सुरक्षा ने एक ऐतिहासिक और युगांतरकारी मोड़ लिया है। 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से अनुप्राणित प्रधानमंत्री मोदी का रणनीतिक दृष्टिकोण भारत को एक मूक दर्शक या केवल प्रतिक्रिया देने वाले राष्ट्र की छवि से बाहर निकालकर एक सक्रिय, दृढ़ और निर्णय लेने वाले वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस रणनीतिक दृष्टिकोण का सबसे प्रखर और स्पष्ट रूप आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस यानी शून्य सहिष्णुता की नीति के रूप में दिखाई देता है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भारत ने अपनी रक्षात्मक नीति का परित्याग कर 'आक्रामक-रक्षात्मक' रणनीति को अंगीकार किया है, जिसका सीधा अर्थ है कि भारत अब संकट के समय केवल अपनी सीमाओं की रक्षा नहीं करता, बल्कि संकट के मूल स्त्रोत पर प्रहार करने की क्षमता रखता है। इस नीति ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की साख को अभूतपूर्व रूप से सुदृढ़ किया है और देश की संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक विजन का मुख्य स्तंभ रणनीतिक स्वायत्तता है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए बिना किसी वैश्विक दबाव के अपनी सुरक्षा और विदेश नीतियां स्वयं निर्धारित करता है। अतीत में भारत की पहचान अक्सर एक ऐसे राष्ट्र की थी जो आतंकी घटनाओं के पश्चात वैश्विक समुदाय से गुहार लगाता था अथवा केवल राजनयिक विरोध दर्ज कराता था। इस दृष्टिकोण को रणनीतिक हलकों में 'रणनीतिक संयम' कहा जाता था। परंतु प्रधानमंत्री मोदी ने इस परिपाटी को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने वैश्विक मंचों से यह स्पष्ट उद्घोष किया कि आतंकवाद और द्विपक्षीय बातचीत कभी भी एक साथ नहीं चल सकते। सुरक्षा और विकास के इस अनूठे समन्वय ने देश के भीतर एक ऐसे सुदृढ़ वातावरण का निर्माण किया है, जहां आर्थिक प्रगति और आंतरिक सुरक्षा एक दूसरे के पूरक बनकर उभर रहे हैं। आतंकवाद के विरुद्ध इस कड़े प्रहार का सबसे पहला और जीवंत उदाहरण वर्ष 2016 में उरी सैन्य शिविर पर हुए कायरतापूर्ण हमले के पश्चात देखने को मिला। भारतीय सेना के विशेष बलों ने नियंत्रण रेखा पार कर आतंकियों के लॉन्च पैड्स को ध्वस्त कर दिया। इस सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को यह कड़ा संदेश दिया कि भारत अपनी रक्षा के लिए सीमाओं के बंधन को आड़े नहीं आने देगा। इसके पश्चात वर्ष 2019 में पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले का उत्तर देते हुए भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट के भीतर घुसकर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी



प्रशिक्षण शिविरों पर हवाई हमला किया। इस साहसिक कदम ने न केवल सीमा पार बैठे आकाओं के हौसले पस्त किए, बल्कि दुश्मन देश के परमाणु ब्लैकमेल के मिथक को भी हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। इन दोनों घटनाओं ने वैश्विक सैन्य इतिहास में भारत की एक नई और आक्रामक छवि को रेखांकित किया। आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक दृष्टिकोण ने देश के भीतर छिपे देशविरोधी तत्वों और उनके वित्तीय तंत्र पर चौतरफा प्रहार किया है। इस दिशा में 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए का उन्मूलन करना आधुनिक भारत के इतिहास का सबसे साहसिक राजनीतिक और रणनीतिक निर्णय था। इस कदम ने उस संवैधानिक विसंगति को सदैव के लिए समाप्त कर दिया, जिसका अनुचित लाभ उठाकर अलगाववादी और सीमा पार के तत्व घाटी के युवाओं को गुमराह करते थे। इस ऐतिहासिक निर्णय के फलस्वरूप कश्मीर में पथराव की घटनाएं पूरी तरह समाप्त हो चुकी हैं, स्थानीय आतंकी भर्ती में ऐतिहासिक गिरावट आई है और यह क्षेत्र अब अशांति के दौर से निकलकर पर्यटन और आर्थिक विकास के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है।

इसी प्रकार देश के एक बड़े भूभाग को प्रभावित करने वाले वामपंथी उग्रवाद अर्थात नक्सलवाद पर भी केंद्र सरकार ने अत्यंत कठोरता से नकेल कसी है। सरकार ने इसके लिए 'कड़ी सुरक्षा कार्रवाई' और 'तीव्र विकास' की दोहरी नीति अपनाई। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले एक दशक में नक्सली हिंसा की घटनाओं में सत्तर प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई है। सुरक्षा बलों ने उन सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में अपने शिविर स्थापित किए हैं, जिन्हें कभी नक्सलियों का अभेद्य गढ़ माना जाता था। इसके साथ ही देश के भीतर सक्रिय स्लीपर सेल्स और अफवाह तंत्र पर प्रतिबंध लगाकर उनके राष्ट्रविरोधी मंसूबों को समय रहते निष्प्रभावी कर दिया गया है।

आतंकवाद को जीवित रखने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारक यानी 'टेरर फंडिंग' पर भी सरकार ने आर्थिक सर्जिकल स्ट्राइक की है। विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम में व्यापक संशोधन करके उन गैर-सरकारी संगठनों के वित्तीय स्त्रोतों को बंद कर दिया गया जो विदेशों से धन प्राप्त कर उसका उपयोग देश विरोधी गतिविधियों में करते थे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी को असीमित शक्तियां प्रदान की गईं, जिससे वे देश के बाहर भी भारतीयों के खिलाफ हुए आतंकी मामलों की स्वायत्तता से जांच कर सकें और आतंकियों की संपत्तियों को सीधे कुर्क कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के मंच का प्रभावी उपयोग करते हुए भारत ने पाकिस्तान के आतंकी वित्तपोषण को बेनकाब किया, जिसके कारण वह देश दीर्घकाल तक वैश्विक प्रतिबंधों की सूची में बना रहा और उसकी अर्थव्यवस्था पंगु हो गई। वैश्विक कूटनीति के पटल पर प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद की परिभाषा को लेकर महाशक्तियों के दोहरे मापदंडों को निरंतर चुनौती दी है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र, जी20, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे हर महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच से यह संदेश दिया कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए खतरा है और इसमें 'अच्छे आतंकवाद' या 'बुरे आतंकवाद' जैसी कोई श्रेणी नहीं हो सकती। भारत ने नई दिल्ली में 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन की मेजबानी कर वैश्विक वित्तीय प्रणाली को आतंकियों की पहुंच से दूर रखने की रूपरेखा तैयार की। प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत कूटनीतिक प्रयासों के कारण आज अमेरिका, फ्रांस और खाड़ी देशों के साथ भारत का खुफिया समन्वय अत्यंत सुदृढ़ हुआ है, जिससे भगोड़े अपराधियों का प्रत्यर्पण अत्यंत सुगम हो गया है। एक सशक्त रणनीतिक विजन तब तक पूर्ण नहीं हो सकता जब तक देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर न हो। प्रधानमंत्री मोदी ने इस वास्तविकता को स्वीकार करते हुए 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अंतर्गत रक्षा विनिर्माण को स्वदेशी रूप दिया। सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के माध्यम से हजारों सैन्य उपकरणों के आयात पर प्रतिबंध लगाया गया, जिससे उनका निर्माण अब भारत की धरती पर हो रहा है। भारतीय सेनाओं को राफेल विमान, एस-400 मिसाइल प्रणाली और स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत जैसे आधुनिक हथियारों से सुसज्जित किया गया है। आज भारत केवल हथियारों का आयातक नहीं रहा, बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल जैसी उन्नत तकनीक का निर्यात कर दुनिया के अग्रणी रक्षा निर्यातकों की श्रेणी में सम्मिलित हो रहा है। बदलते समय के साथ आतंकवाद का स्वरूप भी डिजिटल और तकनीकी हो गया है। आज साइबर युद्ध, क्रिप्टोकरेंसी और ड्रोन्स के माध्यम से सुरक्षा को नई चुनौतियां मिल रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी का 'विजन 2.0' इन उभरते खतरों से निपटने के लिए देश को तैयार कर रहा है। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति को सुदृढ़ किया गया है और सीमाओं पर अत्याधुनिक एंटी-ड्रोन प्रणालियां तैनात की गई हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा एनालिटिक्स के माध्यम से सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले दुष्प्रचार और कट्टरपंथ को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रणनीतिक दृष्टिकोण 21वीं सदी के एक नए, आत्मविश्वासी और संप्रभु भारत की साख स्थापित करता है। आतंकवाद पर उनका यह कड़ा प्रहार यह प्रमाणित करता है कि भारत शांति का उपासक अवश्य है, परंतु अपनी क्षेत्रीय अखंडता और नागरिकों के प्राणों की आहुति देकर वह कभी भी किसी कायरता को सहन नहीं करेगा। सैन्य पराक्रम से लेकर विधायी सुधारों तक और आर्थिक प्रतिबंधों से लेकर वैश्विक कूटनीति तक, भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि उसके पास देश की रक्षा के लिए अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति और अद्वितीय सामरिक सामर्थ्य दोनों उपलब्ध हैं।

**अशोक भाटिया**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार,
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# बैंक ऑफ इंडिया शाखा बाग में 45.20 लाख के गबन के आरोपी को बाग पुलिस ने किया गिरफ्तार

● मुख्य कैशियर पर बैंक के कैश वॉल्ट से राशि की हेराफेरी एवं गबन का आरोप) गिरफ्तार आरोपी को माननीय

● गबन की गई राशि एवं घटना से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ जारी

**अजय नलवाया (7879800048)**

**धार ● दैनिक इंदौर संकेत**

1 सितम्बर को बैंक ऑफ इंडिया शाखा बाग के मैनेजर मयूर दुबे द्वारा बैंक के मुख्य कैशियर हितेश पिता रूमलसिंह निंगवाल, निवासी ग्राम घटबोरी, बाग के विरुद्ध बैंक के कैश वॉल्ट से ?45 लाख 20 हजार रुपये की हेराफेरी एवं गबन किए जाने संबंधी लिखित रिपोर्ट थाना बाग पर प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट पर थाना बाग में अपराध क्रमांक 287/2026, धारा 316(5), 344 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस कार्यवाही

प्रकरण की गंभीरता एवं गबन की राशि अधिक होने को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर एवं एसडीओपी कुक्षी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक हिरुसिंह रावत द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में आरोपी मुख्य कैशियर हितेश निंगवाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय कुक्षी के समक्ष पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गबन की गई राशि, घटना से जुड़े अन्य व्यक्तियों तथा प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्यों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### गिरफ्तार आरोपी

हितेश पिता रूमलसिंह निंगवाल
निवासी – ग्राम घटबोरी, बाग, जिला धार



पद – मुख्य कैशियर, बैंक ऑफ इंडिया शाखा बाग
प्रकरण में महत्वपूर्ण राशि
45,20,000/– (पैंतालीस लाख बीस हजार रुपये)

### सराहनीय भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक हिरुसिंह रावत, उप निरीक्षक प्रमिला जमरे, सहायक उप निरीक्षक कमलेश राठौड़िया, प्रधान आरक्षक 53 लोकेश शुक्ला, प्रधान आरक्षक 830 भावसिंह, आरक्षक 1145 राजू चौहान, आरक्षक 199 दुर्गेश, आरक्षक 528 सीताराम एवं आरक्षक 493 कलमसिंह की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। बाग पुलिस द्वारा प्रकरण में गबन की गई राशि की बरामदगी एवं घटना से जुड़े अन्य तथ्यों के संबंध में विवेचना एवं अग्रिम वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी है।

# खंडेलवाल परिवार द्वारा नेत्रदान किया गया

## सेवा कल्याण समिति द्वारा 40वा नेत्रदान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार ●** सोमवार को प्रात: अमझेरा निवासी मुरलीधर खंडेलवाल उम्र 82 वर्ष का निर्धन हो गया था उनके पुत्र महेश खंडेलवाल और उनके परिजनों ने ऐसी दुखद अवसर के पश्चात उनके नेत्रदान करने का निर्णय लिया इस हेतु उनके द्वारा धार मानव सेवा कल्याण समिति से संपर्क किया गया समिति द्वारा अल्प समय में धार भोज हॉस्पिटल के नेत्र विभाग के डा. सौरभ बौरासी और उनकी सहायिका कर्मा मुजालदा के सहयोग से अमझेरा जाकर नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की, ये धार मानव सेवा कल्याण समिति



द्वारा किया गया 40वां नेत्रदान है। समिति द्वारा खंडेलवाल परिवार के प्रति नेत्रदान हेतु आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में नेत्रदान के प्रति चेतना जगाई और लोगो को प्रोत्साहित किया।

# केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार ●** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार बलराम जयंती के उपलक्ष्य में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन 02 सितम्बर को पीजी कॉलेज धार में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री ठाकुर केन्द्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास भारत सरकार एवं विशेष अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती नीना विक्रम वर्मा, कलेक्टर राजीव रंजन मीना, कृषि समिति अध्यक्ष अशोक डावर न्य किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान बलराम की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

कलेक्टर राजीव रंजन मीना जिला धार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कृषि उद्यानिकी मत्स्य पशुपालन कृषि अभियांत्रिकी कृषि विज्ञान केन्द्र धार सहकारिता कृष्णा फास्केम लिमी एनजीओ आगाखों द्वारा कृषि की लगाई गई स्टाल में कृषि से संबंधित लाभो के बारे एवं योजनाओ के बारे में प्रदर्शित किया गया। कार्यकम में लगभग 700



से अधिक किसानो ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री ठाकुर द्वारा किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि धार में अब रेल लाईन आ गई है। सिंचाई परियोजना आ रही है, पीएम मेगा पार्क का कार्य त्वरित गति से चल रहा है जो कि धार एवं धार जिले के किसानो के लिए विकास मे सहभागी होगा।

श्रीमती नीना वर्मा ने कहा कि मप्र सरकार किसानो के हित मे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है जिससे किसान अपनी आय में वृद्धि कर सशक्त हो रहा है ।कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने कहा कि जिले में सिंचाई क्षेत्र बढने के साथ-साथ उत्पादन भी बढ रहा है किसान अपने उपज का मूल्य संर्वधन कर अधिक आय प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो । कार्यक्रम की रूप रेखा विजय चौरसिया उप संचालक कृषि जिला धार द्वारा रखी गई कार्यक्रम का संचालन श्रीमती डॉ. सविता कुमारी द्वारा किया गया।

# श्रद्धालु की नई कार का शीशा टूटा, पीड़ित ने नाव एजेंट पर लगाया आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** ओंकारेश्वर में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से आए श्रद्धालु मनीष शर्मा की नई कार का शीशा टूट गया। यह घटना बुधवार शाम की है। इसके बाद पीड़ित ने पार्किंग और स्थानीय एजेंटों के काम करने के तरीके पर सवाल उठाते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर भारी नाराजगी जताई। मनीष शर्मा ने बताया कि उन्होंने 15 दिन पहले ही नई स्कोडा कार खरीदी थी। ओंकारेश्वर पहुंचने पर करण नाम के एक व्यक्ति ने उनसे नाव एजेंट बनकर संपर्क किया और उनकी कार हाट बाजार पार्किंग में खड़ी करवा दी। 2200 रुपए में तय करके उन्हें दूसरे व्यक्ति के साथ नाव से भेजा गया और तय की गई जगहों पर भी नहीं घुमाया गया। जब वे लौटे तो कार का शीशा टूटा मिला, जिसका शक उन्होंने करण पर जताया। मांधाता थाना प्रभारी अनोखसिंह सिंदया ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने कार का शीशा तोड़ा था। श्रद्धालु के थाने पहुंचने पर पुलिस की मौजूदगी में संबंधित नाव कर्मचारी ने उन्हें 5 हजार रुपए दिए। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया और श्रद्धालु ने कोई भी कानूनी कार्रवाई न करने का लिखित आवेदन दे दिया। पीड़ित श्रद्धालु ने बताया कि उनके साथ उनके दिव्यांग बड़े भाई और छह साल की बेटी भी थी। उन्होंने कहा कि देशभर से लोग बड़ी आस्था के साथ ओंकारेश्वर आते हैं, इसलिए यहां गाड़ियों की सुरक्षा और पार्किंग के लिए प्रशासन को बेहतर व्यवस्था करनी चाहिए।

# शराब दुकान का अहाता ढहाया, प्रभारी मंत्री के निर्देश पर एक्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा ●** खंडवा में शराब दुकानों से लगे अहातों को जेसीबी मशीन से तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को प्रशासन ने लोहारी नाका स्थित सोम डिस्टलरी की शराब दुकान का अहाता तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनके संरक्षण में लंबे समय से अवैध रूप से इन अहातों का कारोबार फल-फूल रहा था। इधर, शराब दुकान के अहातों का संचालन भाजपा से जुड़े नेताओं के द्वारा किया जा रहा था। इन अहातों पर कार्रवाई होते देख सभी संचालक सांसद-विधायक और पार्टी नेताओं से मदद की गुहार लगा रहे हैं। प्रशासन की कार्रवाई में हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। लेकिन इस कार्रवाई को रूकवाने में वह असफल रहे हैं। बताते हैं कि कार्रवाई के निर्देश जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने दिए हैं। इधर, अहातों पर कार्रवाई के बाद शराब ठेकेदारों ने भी मोर्चा खोल दिया हैं। ठेकेदारों का कहना है कि, लोग दुकान से



शराब खरीदकर अहाते पर बैठकर शराब पी लेते थे। लेकिन अब वो लोग होटल-ढाबों पर जाकर शराब पी रहे हैं, होटल-ढाबे वाले अवैध रूप से शराब लाकर लोगों को पिलाते हैं।

ऐसे में दुकानदारों का घाटा होना स्वाभाविक है। पहले से ही दुकानों के ठेके काफी महंगी दरों पर हुए। मामले में सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने बताया कि, शराब पिलाने वाले होटल-ढाबे वालों के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला एशिया कप में आज हांगकांग से होगा भारत का मुकाबला

**दुबई (एजेंसी)** • पहले मैच में थाईलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के बावजूद बल्लेबाजी भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। टीम महिला टी-20 एशिया कप में पाकिस्तान से भिड़ने से पहले हांगकांग के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में अपनी कमजोरियां दूर करने की कोशिश करेगी। वनडे प्रारूप में चार और टी-20 में तीन एशिया कप खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के बल्लेबाज थाईलैंड के खिलाफ मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। टीम ने अच्छी शुरुआत करने के बावजूद अंतिम सात विकेट 29 रन के अंदर गंवा दिए थे। इससे हालांकि मैच के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारत ने थाईलैंड को 94 रन से आसानी से हरा दिया। इस



मैच में बड़ी जीत के बावजूद भारतीय टीम प्रबंधन सहज नहीं हो सकता क्योंकि किसी बड़ी टीम के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन महंगा पड़ सकता है। भारत को हांगकांग के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसलिए वह इस मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। मंधाना और प्रतिका रावल को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी अपने फॉर्म और सबसे छोटे प्रारूप में अपने भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब देने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगी। एशिया कप के बाद भारतीय टीम जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेगी। उससे पहले टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दूसरी ओर हांगकांग को टूर्नामेंट के पहले मैच में थाईलैंड से छह रन से हार का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके भारत को उसकी तेज गेंदबाज मरीना लैम्प्लो से सतर्क रहना होगा।

## भारत को महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी, 14 फरवरी से शुरू होगा छह देशों का मेगा टूर्नामेंट

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बुधवार को ऐलान किया कि पहली आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी 2027 का आयोजन भारत में किया जाएगा। यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट 14 से 28 फरवरी, 2027 तक मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के मुकाबले मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) और वडोदरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होंगे। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दुनिया की छह शीर्ष महिला क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका शामिल हैं। इन छह टीमों ने 6 जुलाई की क्वालिफिकेशन कट-ऑफ तारीख तक आईसीसी महिला टी-20 टीम रैंकिंग में अपनी स्थिति के आधार पर टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। सभी छह टीमों के बीच राउंड-रॉबिन लीग मुकाबले खेले जाएंगे। लीग चरण के बाद अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें 28 फरवरी को होने वाले फाइनल में आमने-सामने होंगी।

## अनाहत और रमित की जीत से शुरुआत, लंदन स्क्वैश क्लासिक के प्री-क्वार्टर फाइनल में एंट्री

**लंदन (एजेंसी)** • लंदन में खेले जा रहे लंदन स्क्वैश क्लासिक में भारत की अनाहत सिंह और रमित टंडन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वर्ल्ड नंबर-20 अनाहत ने मिस्र की 30वें नंबर की मरियम मेटवाली को सिर्फ 11 मिनट में 11-3, 11-2 से हराया। वहीं, 42वें नंबर के रमित ने कतर के 61वें नंबर के अब्दुल्ला अल-तमीमी को 20 मिनट में 11-6, 11-7 से मात दी। हालांकि, 38वें नंबर के वीर चोटरानी को स्विट्जरलैंड के यैनिक विल्हेमी के खिलाफ 9-11, 9-11 से हार मिली। अनाहत ने मरियम मेटवाली के खिलाफ शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। उन्होंने पहला गेम 11-3 से जीता और दूसरे गेम में सिर्फ दो अंक गंवाते हुए 11-2 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच खत्म करने में उन्हें केवल 11 मिनट लगे।

अब प्री-क्वार्टर फाइनल में अनाहत का सामना बेल्जियम की दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी नेले गिलिस से होगा। यह मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा। अनाहत ने हाल ही में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनी थीं। पुरुष एकल में रमित टंडन ने अब्दुल्ला अल-तमीमी को



11-6, 11-7 से हराया। 20 मिनट चले मुकाबले में रमित ने दोनों गेम अपने नाम किए और अगले दौर में जगह बनाई। प्री-क्वार्टर फाइनल में रमित का सामना टूर्नामेंट के आठवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद एलशोरबागी से होगा। मिस्र में जन्मे एलशोरबागी अब इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# 'समुक' में नजर आ सकती हैं रुक्मिणी मैत्र

**मुंबई (एजेंसी)** •अभिनेता अक्षय कुमार की आगामी साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर 'समुक' में बंगाली अभिनेत्री रुक्मिणी मैत्र की एंट्री हो सकती है।चर्चा है कि रुक्मिणी फिल्म में अहम भूमिका के लिए निर्माताओं के साथ बातचीत कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, रुक्मिणी को फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार के लिए चुना जा सकता है। कनिष्क वर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का निर्माण सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले विपुल अमृतलाल शाह कर रहे हैं, जबकि आशीन ए. शाह इसके सह-निर्माता हैं। फिल्म की शूटिंग फिलहाल ब्रिटेन में जारी है। फिल्म में साइंस-फिक्शन के साथ एक्शन और सर्वाइवल का रोमांच देखने को मिलेगा। सूत्र ने बताया कि रुक्मिणी फिल्म के लिए बातचीत में हैं और उनका किरदार कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निर्माताओं को ऐसी अभिनेत्री की तलाश थी, जो किरदार में गहराई और इंटेंसिटी ला सके। 'समुक' की दुनिया को देखते हुए फिल्म की कास्टिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निर्माताओं का मानना है कि रुक्मिणी के जुड़ने से फिल्म की कास्ट को एक अलग ऊर्जा मिलेगी। बंगाली सिनेमा में अपनी पहचान बना चुकीं रुक्मिणी के लिए हिंदी सिनेमा के इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना एक नया अनुभव होगा। फिल्म से जुड़ी कहानी और किरदारों की अधिकांश जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है।





# संजीदा शेख ने छोटे किरदार से जीता दिल

**मुंबई (एजेंसी)** •अभिनेत्री संजीदा शेख अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म टॉक्सिक: ए फेरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में निभाए गए किरदार के लिए इन दिनों खूब सुर्खियाँ बटोर रही हैं। शनिवार को, उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने किरदार को मिल रही सराहना के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया। इंस्टाग्राम पर फिल्म में अपने रोल से जुड़ी कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए संजीदा ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका छोटा सा किरदार दर्शकों पर इतना गहरा प्रभाव डालेगा। संजीदा ने लिखा, एक कलाकार के तौर पर अपने काम का सबसे मजेदार



हिस्सा वो किरदार निभाना है, जो आपको चुनौती दें। फिल्म टॉक्सिक ने मुझे एक ऐसा अनोखा रोल निभाने का मौका दिया, जो मेरी असल ज़िंदगी से बहुत अलग है और शायद इसी वजह से मुझे इसे करने में बहुत मज़ा भी आया। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें फिल्म में अपनी छोटी सी मौजूदगी को इतना प्यार मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन वह इससे बेहद खुश हैं। अभिनेत्री ने अपने सभी प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए वादा किया कि वह भविष्य में भी ऐसे ही चौंकाने वाले और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाती रहेंगी।

## उज्जैन संभाग

# 55 नए सुलभ शौचालय में से 32 का काम शुरू, 23 के लिए अब भी जमीन की तलाश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •शहर में सार्वजनिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत 55 नए सुलभ शौचालय बनाने की योजना शुरू की है। इनमें से 22 शौचालय बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 10 स्थानों पर निर्माण चल रहा है। अब सबसे बड़ी चुनौती शेष 23 शौचालयों के लिए उपयुक्त जमीन तलाशना है। कई प्रस्तावित स्थानों पर चौड़ीकरण, विकास कार्य या दूसरे विभागों की परियोजनाएं आने के कारण साइट बदलनी पड़ रही है। निगम की योजना के अनुसार करीब 5 करोड़ रुपए खर्च कर निगम की जमीन पर शौचालय बनाए जाएंगे। मंदिर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजार और अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। कुछ शौचालय सीएसआर फंड (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) से भी बनाए जा रहे हैं। तैयार किए शौचालयों में सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय के साथ आधुनिक सुविधाओं वाले एस्पिरेशनल टॉयलेट भी शामिल हैं। शेष 23 स्थानों में से कई जगह पर अभी साइट का चयन किया जा रहा है। खास बात यह है कि कुछ जगह निगम ने पहले चिह्नित कर ली थीं, लेकिन बाद में वहां दूसरे प्रोजेक्ट सामने आने से प्रस्ताव बदलने पड़े।

देवास गेट क्षेत्र में यूडीए की परियोजना में ही शौचालय निर्माण की संभावना है, जबकि रीगल टॉकीज क्षेत्र में प्रस्तावित निगम के कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में सार्वजनिक शौचालय निर्माण शामिल है। ऐसे में दोनों जगह नए स्थान तलाशें जा रहे हैं। नानाखेड़ा में चिह्नित जमीन यूडीए की




निकली। भैरवगढ़ क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है, जबकि कालभैरव मंदिर क्षेत्र में भी विकास योजना प्रस्तावित है। यहां यूडीए के कार्य के बाद ही शौचालय निर्माण की संभावना है। इसके चलते इन क्षेत्रों में भी साइट को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। उपायुक्त योगेंद्र पटेल ने कहा कि कई स्थानों का चयन हो चुका है, जबकि बाकी जगहों पर जरूरत के अनुसार जमीन तलाश रहे हैं। चौड़ीकरण वाले मार्गों सहित जहां भी उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा, वहां शौचालय बनाए जाएंगे। शहरवासी भी ऐसे स्थानों का सुझाव दे सकते हैं, जहां सुलभ शौचालय की जरूरत है। निगम स्थल का परीक्षण कर वहां निर्माण की संभावना देखेगा। इन क्षेत्रों में पहले से तैयार कर रखे हैं 22 शौचालय निगम के अनुसार बगलामुखी माता मंदिर, कादम्बिनी स्कूल के पास, वाल्मीकि धाम, कबड्डी स्टेडियम, चक्रतीर्थ, बजरंगनगर, अबिका होटल के पास, बंगाली कॉलोनी, शास्त्रीनगर ग्राउंड, मॉडल स्कूल, सुदामानगर, गुजराती धर्मशाला, सेठीनगर और हरसिद्धि माता मंदिर क्षेत्र सहित कई स्थानों पर शौचालय तैयार हो चुके हैं।

# शिप्रा ब्रिज पर व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक, यातायात नियम तोड़ने वालों पर सिर्फ चालान नहीं, लाइसेंस भी रद्द करें : कलेक्टर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** • शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उन्होंने अधिकारियों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कार्रवाई केवल चालान काटने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित करने और परमिट रद्द करने की कार्रवाई भी की जाए। बस, ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा और मैजिक वाहनों को तय स्थानों पर ही रोकने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने शिप्रा ब्रिज पर चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्रिज पर किसी भी तरह का कारोबार नहीं होना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके लिए नियमित जांच करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। शहर के मुख्य रास्तों पर ट्रैफिक में रुकावट बन रहे बिजली के खंभों को एक सप्ताह के अंदर हटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि इससे पहले भी खंभे हटाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि तय समय में काम पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस को रॉन्ग साइड वाहन चलाने और सिग्नल तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। मॉडिफाइड साइलेंसर से तेज आवाज करने वाले वाहनों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पूरे जिले में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ई-रिक्शा, ऑटो और मैजिक वाहनों की नंबरिंग कर उन्हें निर्धारित रूट पर चलाने को भी कहा गया।

एबी रोड और इंदौर रोड ब्रिज के नीचे से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नो-पार्किंग में खड़े वाहनों को क्रेन की मदद से हटाने को कहा गया। नौसराबाद बायपास पर बकरा हाट और मुख्य रास्तों पर रेती मंडी लगाने पर रोक लगाते हुए इनके लिए अलग स्थान तय करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान हिट एंड रन योजना के तहत 10 परिवारों को कुल 8 लाख रुपए के सांकेतिक चेक वितरित किए गए। अधिकारियों के अनुसार योजना के क्रियान्वयन में देवास जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिले में अब तक 186 प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें 111 प्रकरण स्वीकृत हो चुके हैं। वहीं, 78 प्रकरणों में 70.50 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है।

# सिविल अस्पताल की सोनोग्राफी मशीन एक महीने से बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मनावर** • नगर के सेमल्दा मार्ग स्थित सिविल अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन पिछले एक महीने से तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ी है। इसके चलते अस्पताल में इलाज के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच प्रभावित हो रही है।

अस्पताल की बीएमओ डॉ. चंपा बघेल ने बताया कि उन्होंने 1 सितंबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, धार को पत्र लिखा था। इसमें खराब सोनोग्राफी मशीन को अधिकृत एजेंसी से जल्द ठीक करवाने



का अनुरोध किया गया है। बीएमओ ने बताया कि मशीन में तकनीकी खराबी आने के बाद राज्य से अधिकृत एजेंसी को ऑनलाइन बारकोड के जरिए शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद निर्धारित एजेंसी ए.ओ.वी. इंटरनेशनल एलएलपी की टीम अस्पताल पहुंची, लेकिन मशीन ठीक नहीं हो सकी। बीएमओ बघेल ने कहा कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही टेक्नीशियन के आने के बाद सोनोग्राफी मशीन को दोबारा चालू कर दिया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन के री-डेवलपमेंट में देरी पर सांसद नाराज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • नागपुर रेल मंडल कार्यालय में बुधवार को मध्य रेलवे के नागपुर और भुसावल मंडल क्षेत्र के सांसदों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सेंट्रल रेलवे के जीएम राजीव श्रीवास्तव समेत विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। खंडवा-बुरहानपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने क्षेत्र से जुड़े कई लंबित रेलवे मुद्दे उठाए। उन्होंने खंडवा रेलवे स्टेशन के री-डेवलपमेंट में देरी, नई ट्रेन शुरू करने, अंडरपास बनाने और प्लेटफॉर्म के विस्तार समेत यात्री सुविधाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मध्य रेल समिति के सदस्य मनोज सोनी भी बैठक में मौजूद रहे। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने खंडवा रेलवे स्टेशन के री-डेवलपमेंट का काम अब तक शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से काम शुरू होने की स्थिति और देरी के कारणों की जानकारी ली। सांसद ने कहा कि स्टेशन के पुनर्विकास की योजना लंबे समय से चर्चा में है, लेकिन काम शुरू नहीं होने से यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर सेंट्रल रेलवे जीएम राजीव श्रीवास्तव ने जल्द री-डेवलपमेंट का काम शुरू कराने का भरोसा दिलाया। बैठक में भुसावल-नागपुर के बीच नई ट्रेन शुरू करने की मांग भी रखी गई। सांसद ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए ट्रेन जल्द शुरू करने



की बात कही। जीएम राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेन संचालन को लेकर रेल बोर्ड स्तर पर प्रक्रिया चल रही है। सेंट्रल रेलवे को रेल बोर्ड के अप्रूवल लेटर का इंतजार है। स्वीकृति मिलते ही ट्रेन शुरू करने की आगे की प्रक्रिया की जाएगी। सांसद ने रेलवे क्रॉसिंग और यातायात की समस्या को देखते हुए लोहारी नाका पर अंडरपास बनाने की मांग रखी। रेलवे अधिकारियों ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने पर सहमति दी। बड़गांव गुर्जर में भी अंडरपास या सब-वे बनाने की योजना पर चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि इन जगहों पर अंडरपास बनने से ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को रेलवे लाइन पार करने में सुविधा मिलेगी और यातायात भी बेहतर होगा।

मोहन सरकार ने दी बड़ी राहत

# इंदौर नगर निगम 500 वर्गमीटर तक के नक्शे कर सकेगा पास

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम को बड़ी राहत मिल गई है। अब 500 वर्गमीटर तक के नक्शे नगर निगम पास कर सकेंगे। इसके लिए लंबे समय से मांग रही थी। दो साल से इन नक्शों में अड़चन थी। इंदौर शहर में कई ऐसे रहवासी क्षेत्र हैं, जिनके नक्शे नगर व ग्राम निवेश विभाग द्वारा मंजूर किए जा सकते हैं, लेकिन स्वीकृति नहीं है। पूर्व निगमायुक्त ने ऐसे नक्शे पास करने पर रोक लगाई थी। टोक हटाने या डाटा फॉर्म से नक्शे स्वीकृत करने के लिए नीति नियम बनाने का मामला सरकार के पास विचाराधीन था।

जुलाई 2023 से इन नक्शों पर रोक थी। अब इस पर फैसला हो गया है। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव लंबे समय से इसके लिए कोशिश में जुटे थे। नगरीय प्रशासन विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विभाग से नोटिफिकेशन जारी हो गया है। इसमें 500 वर्गमीटर तक के अधिकार निगम को दे दिए हैं।



### शहर में इन जगह पर थी समस्या

शहर में मुख्य रूप से परदेशीपुरा, बाणगंगा, भागीरथपुरा, न्यू देवास रोड, वायएन रोड, जनता क्वार्टर, मनोरमागंज, रेसकोर्स रोड, कुम्हारखाड़ी, साउथ तुकोगंज, आरएनटी मार्ग आदि इलाकों से जुड़े नक्शों को लेकर समस्या हो रही थी। डाटा फॉर्म से हो रहे थे नक्शे पास दरअसल, मध्यक्षेत्र या मध्यक्षेत्र के बाहर ऐसी खसरा भूमियां या प्लॉट हैं और कई कॉलोनियां व रहवासी क्षेत्र ऐसे हैं, जिनके लेआउट प्लान नगर व ग्राम निवेश विभाग द्वारा स्वीकृत नहीं हैं। इसके आसपास के क्षेत्रों में शाखा द्वारा डाटा फॉर्म के आधार पर प्लॉट बना कर सीधे खसरा भूमि व प्लॉट पर अनुमति हो रही थी। यानी डाटा फॉर्म के आधार पर ही लेआउट तैयार कर अनुमति दी जा रही थी। लेकिन जुलाई 2023 में इस पर रोक लग गई।

शहर के परदेशीपुरा, बाणगंगा, मनोरमागंज व अन्य मध्य क्षेत्र में नक्शों के लेकर इश्यू था। दरअसल टीएंडसीपी ने इन नक्शों को पास करने से यह कहते हुए मना कर दिया था वह इतने छोटे भूखंड का नक्शा पास नहीं करते हैं। इसके बिना निगम भी मंजूरी नहीं दे रहा था। यह मामला इंदौर में हुई बैठक में महापौर ने सीएम मोहन यादव के समक्ष रखा था। तब सीएम ने इस संबंध में नीति नियम बनाकर दिशा-निर्देश जारी करने के लिए कहा था। इसके बाद भी मामला विभाग में अटका था।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह शहर के हजारों लोगों को राहत देने वाला फैसला है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को शहर की ओर से साधुवाद। इससे सालों से भवन निर्माण की अनुमति के इंतजार में अटके शहर के मध्य क्षेत्र के हजारों रहवासियों को राहत मिलेगी। अब मध्य क्षेत्र और बाहर के ऐसे क्षेत्रों को भी हरी झंडी मिलने की राह खुल गई है, जहां लेआउट या स्थल अनुमोदन से जुड़ी तकनीकी अड़चनों के कारण भवन अनुजा अटकी हुई थी।

# चोइथराम सब्जी मंडी में गंदगी देख भड़के निगम आयुक्त



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● चोइथराम सब्जी एवं फल मंडी में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे निगमायुक्त क्षितिज सिघल ने गंदगी मिलने पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने सब्जी मंडी में नियमित सफाई कराने और व्यवस्था की लगातार निगरानी के निर्देश दिए। लापरवाही सामने आने पर सब्जी मंडी क्षेत्र के दरोगा दयाराम तेज़ी को निलंबित कर दिया गया। आयुक्त ने बुधवार सुबह राजीव गांधी चौराहा स्थित चोइथराम सब्जी मंडी और फ्रूट मंडी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर निगमायुक्त ने संबंधित सीएसआई और कर्मचारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में रोज बड़ी संख्या में व्यापारी और आम नागरिक पहुंचते हैं, ऐसे में यहां साफ-सफाई को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सब्जी मंडी परिसर में प्रतिदिन नियमित सफाई कराई जाए और सफाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की जाए। इसके साथ ही प्रत्येक दुकान के बाहर कचरा एकत्र करने के लिए डस्टबिन रखना अनिवार्य किया जाए।

# हेलमेट नहीं पहना तो सरकारी कर्मचारियों की सीआर में डालो रिमार्क, सड़क सुरक्षा समिति के निर्देश




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसके अध्यक्ष जस्टिस मनोहर सप्रे ने अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तर में कर्मचारियों को हेलमेट अनिवार्य हो। ऐसा नहीं करने पर उनकी सीआर में रिमार्क डाला जाए।

बुधवार को इंदौर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से गठित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जस्टिस मनोहर सप्रे ने की। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के साथ ही सभी अधिकारी उपस्थित थे। इसमें अहम निर्देश दिए गए। बैठक सिटी बस ऑफिस में हुई।

**सीआर में लिखो रिमार्क**-सप्रे ने निर्देश दिए हैं कि सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी यदि टू-व्हीलर से आ रहे हैं तो हेलमेट पहनकर ही आएं। ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर उनकी सीआर (कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट) में भी रिमार्क डाला जाएगा।

बैठक के बाद नगर निगम कमिश्नर आईएएस क्षितिज सिंघल ने प्रेस वार्ता में बताया कि जस्टिस सप्रे द्वारा रोड सेफ्टी को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिले में हुए सड़क सुरक्षा कार्यों, ब्लैक स्पॉट्स पर की गई कार्रवाई, इंजीनियरिंग सुधार, एनफोर्समेंट और एक्सीडेंट डेथ एनालिसिस की समीक्षा की गई।

इन्फोर्समेंट के साथ जागरुकता पर जोर रहेगा। रोड इंजीनियरिंग में किसी भी तरह की कमी न रहे, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। सभी सड़कों पर साइनेज सहित जरुरी सेफ्टी फीचर्स दुरुस्त रखे जाएं और ब्लैक स्पॉट्स पर तत्काल सुधार कार्य किए जाएं।

# तत्काल हो 27% ओबीसी आरक्षण-उमंग सिंघार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार इंदौर में राहुल गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए बुधवार को इंदौर आओ। इस दौरान उन्होंने ओबीसी आरक्षण, भर्ती, सीएम के ढाई लाख पद भर्ती, भोपाल में चल रहे आंदोलन सहित कई मुद्दों पर बात की।

मप्र सरकार ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नाम से राजीव गांधी का नाम हटाने की मंजूटी दे दी है। साथ ही कैबिनेट ने इसे तीन हिस्सों में बांटने की मंजूरी दी है। अब यह यूनिवर्सिटी मध्य प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय भोपाल, मालवा प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय उज्जैन और महाकौशल प्रौद्योगिकी एवम कौशल विश्वविद्यालय जबलपुर के रूप में काम करेगी। इस पर कांग्रेस ने आपत्ति ली है। सिंघार ने ओबीसी आरक्षण पर कहा कि सरकार को 13 फीसदी होल्ड पद तत्काल ओबीसी को देना चाहिए। मप्र में ओबीसी की जनसंख्या 52 फीसदी है और यह



उनका अधिकार है। अब फैसला सरकार को लेना है। आरक्षण की प्रक्रिया जल्द शुरु होनी चाहिए। सीएम मोहन यादव ने हाल ही में कहा था कि सरकार दो साल में ढाई लाख पदों पर भर्ती करेगी। इस पर सिंघार ने कहा कि बीजेपी सरकार के बयान समय-समया पर बदलते रहते हैं। मेनीफेस्टो में 1.50 लाख भर्ती की बात कही थी। पीएससी में साल में दो बार भर्ती की बात कही थी, वहीं 13 फीसदी पद होल्ड हैं। इन वादों की जगह सरकार यह बताएं कि 13 फीसदी होल्ड पद कब ओबीसी को देंगे। ओबीसी के नाम पर सीएम बनें हैं और उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। सरकार चाहे तो एक साल में क्या एक दिन में 24 घंटे में यह नियुक्तियां कर सकती हैं।

### राजीव गांधी का नाम हटाने पर क्या बोले सिंघार

उमंग सिंघार ने बुधवार को इंदौर दौरे में कहा कि देश में जिन लोगों ने काम किया। देश में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति दी, वह राजीव गांधी थे। क्या हम इतिहास में ऐसे नेता जो देश के लिए शहीद हुए, उनका नाम हटाना चाहते हैं। उनकी जगह क्या मोहन सरकार ऐसे लोगों का नाम देना चाहते हैं जिन्होंने आजादी के लिए कुछ नहीं किया। यह देश के महान नेताओं के खिलाफ साजिश है। ये नाम हटा सकते हैं लेकिन दिलों से राजीव को नहीं हटा सकते हैं। हम इसकी निंदा करते हैं और यह आरएसएस की मानसिकता से मोहन सरकार काम कर रही है।

### भर्ती घोटाले, युवा सड़कों पर

सिंघार ने कहा कि मप्र में भर्ती घोटाले हो रहे हैं लेकिन इसकी जांच नहीं हो रही है। इसका कारण है कि खुद सरकार और उनके मंत्री इसमें लिप्त है। या तो जांच होती नहीं और होती है तो फिर इसकी रिपोर्ट विधानसभा और आमजन को नहीं बताई जाती है।

### राहुल गांधी के आयोजन के लिए सक्षम कांग्रेस

राहुल गांधी के आयोजन में जगह को लेकर आ रहे विवाद पर सिंघार ने कहा कि कांग्रेस सक्षम है। वह यह आयोजन अपने स्तर पर करा सकती है। युवा संवाद के लिए राहुल आएंगे, सरकार कुछ भी बहाने करे, उससे फर्क नहीं पड़ता है। जिन युवाओं को बीजेपी ने नौकरी नहीं दी वह सभी युवा, पीड़ित राहुल के आयोजन में आएंगे।

# निगम बिल घोटाले में ईडी पर आंच, कोर्ट बोला अकाउंटेंट साल्वी को 15% कमीशन, गिरफ्तारी क्यों नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ●इंदौर नगर निगम के 150 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले में अब आंच ईडी की जांच पर भी आ गई है। इस मामले में आरोपियों द्वारा लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं। इस पर जिला कोर्ट ने भी अब टिप्पणी की है। इंदौर नगर निगम के 150 करोड़ के फर्जी बिल की जांच ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) इंदौर कर रहा है। इसके तहत ईडी ने 1 जून 2026 को निगम के अभय राठौर, ठेकेदार राहुल बड़ेरा और मोहम्मद जाकिर तीनों की गिरफ्तारी की है और तीनों जेल में हैं। इस मामले में राठौर और बड़ेरा की जमानत याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। अब जाकिर की भी जमानत याचिका खारिज हुई, लेकिन इस दौरान जिला कोर्ट ने ईडी की जांच पर भी सवाल उठा दिए हैं।

### राठौर को 50 और साल्वी को 15 फीसदी कमीशन

ईडी ने अपनी जांच में कहा कि मेसर्स किंग, मेसर्स ग्रीन कंस्ट्रक्शन और मेसर्स न्यू कंस्ट्रक्शन द्वारा 48 कटोड़ का भुगतान निगम से लिया गया। यह फर्जी ऑर्डट, टेंडर, बिल के आधार पर लिया गया। इसमें जाकिर की किंग ने ही 13 करोड़ 18 लाख का भुगतान लिया। इस भुगतान में से 50 फीसदी कमीशन अभय राठौर लेता था और अकाउंटेंट राजकुमार साल्वी को 15 फीसदी कमीशन मिलता था। यह कमीशन नकद में दिया जाता था। ईडी ने जांच में कहा कि पूरा कमीशन केश में होने से किसी के पास यह कैश नहीं मिला, इसलिए संपत्ति जब्त की है।

### ईडी की जांच पर इसलिए आंच

दरअसल इस केस में एक-दो नहीं, ईडी ने पूरे 32 को आरोपी बनाया है। ईडी ने जांच में 103 कटरोड़ का घोटाला पाया है। लेकिन ईडी ने गिरफ्तारी केवल राठौर, बड़ेटा और जाकिर की की। जब जिला कोर्ट में 19 अगस्त को राठौर और बड़ेरा की याचिका पर सुनवाई हुई, तब भी दोनों ने आरोप लगाए कि ईडी ने केवल तीन को ही गिरफ्तार किया और बाकी सह-अभियुक्तों को बिना गिरफ्तार किए ही चालान पेश किया है। वहीं अब जाकिर की जमानत याचिका के दौरान भी यह आरोप लगे।

### जिला कोर्ट ने ईडी पर उठाया सवाल

इस मामले में सभी तथ्यों को सुनने के बाद उपेशल कोर्ट ने ईडी की जांच पर सवाल उठाया है। विशेष न्यायाधीश ने कहा कि राठौर 50 फीसदी कमीशन ले रहा है और अकाउंटेंट साल्वी 15 फीसदी कमीशन ले रहा है। लेकिन साल्वी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रथम दृष्टया जांच में निष्पक्षता का अभाव दिखाई देता है। लेकिन इस पर अभी टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं है और यह ट्रायल का विषय है।

नाबालिग से अश्लीलता मामला...

# डेढ़ साल बाद भी 5 आरोपी फरार : पुलिस ने चालान पेश किया; अब इनाम घोषित करने की तैयारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भाजपा पार्षद के नाबालिग बेटे से मारपीट, कपड़े उतारकर वीडियो बनाने और उसे वायरल करने के मामले में पुलिस डेढ़ साल बाद भी पांच आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आरोपियों की फरारी के दौरान ही पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। अब जूनी इंदौर पुलिस ने फरार आरोपियों पर इनाम घोषित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा है।

**3 जनवरी को घर में घुसकर मारपीट का आरोप**-मामला 3 जनवरी 2025 का है। जूनी इंदौर इलाके में घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट, अभद्रता और तोड़फोड़ की गई थी। विवाद की शुरुआत नगर निगम कर्मचारी के साथ कहासुनी और एक ऑडियो क्लिप को लेकर हुई थी। इसके बाद पार्षद के समर्थकों पर नाबालिग के साथ मारपीट और अश्लीलता के आरोप लगे। आरोप है कि कुछ लोगों ने नाबालिग के साथ मारपीट की और उसके कपड़े उतारकर वीडियो बनाया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था और करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया था। पीड़ित पक्ष की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पुलिस कमिश्नर को दिए गए पत्र में कथित वॉइस रिकॉर्डिंग की जांच का मुद्दा भी उठाया गया था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस रिकॉर्डिंग की जांच रिपोर्ट अब तक सामने नहीं आई है।

**अब फरार आरोपियों पर इनाम की तैयारी**-जूनी इंदौर पुलिस का कहना है कि मामले में अधिकांश आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन पांच आरोपी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने इन सभी पर इनाम घोषित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा है। पुलिस के मुताबिक फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वाहनों की आवाजाही के कारण बीच के हिस्से का काम नहीं हो रहा 60 करोड़ के सिक्स लेन देवास नाका फ्लाईओवर पर दोनों भुजाओं को जोडने में हो रही देरी

# देवास नाका और सत्यसाई फ्लाईओवर को ट्रैफिक डायवर्शन का इंतजार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पूर्वी इलाके में पुराने एबी रोड पर बन रहे देवास नाका और सत्यसांई फ्लाईओवर के निर्माण कार्य गति नहीं पकड़ पा रहे हैं। इसका कारण दोनों चौराहों पर ट्रैफिक डायवर्शन नहीं होना बताया जा रहा है। दोनों भुजाओं को जोडने में समय लग रहा है, क्योंकि वाहनों की आवाजाही के कारण काम की गति धीमी हो गई है। देवास नाका चौराहे पर ट्रैफिक बंद होने के बाद ही एमपीआरडीसी फ्लाईओवर के बीच के हिस्से का काम कर सकेगा। वैकल्पिक मार्ग बनाने के लिए एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि ट्रैफिक डायवर्शन प्लान तैयार में देरी का असर प्रोजेक्ट की डेडलाइन पर पडने लगा है।

यहां तक कि निर्माण एजेंसी भी काम छोड़ सकती है। यदि ऐसा होता है तो दोबारा काम शुरू करने में काफी दिक्कतें आएंगी। वहीं ऐसी स्थिति सत्यसाई फ्लाईओवर के सामने भी आ रही है।



**जुलाई में हटाया अतिक्रमण :** 60 करोड़ की लागत से एमपीआरडीसी देवास नाका पर सिक्स लेन फ्लाईओवर बना रहा है। जुलाई में नगर निगम की मदद से देवास नाके का अतिक्रमण हटाया गया था। टीम ने देवास नाका से मांगलिया की ओर सर्विस रोड व फ्लाईओवर में बाधक बन रहीं दुकानों व अवैध संरचनाओं को हाई कोर्ट 30-35 की प्रक्रिया पूरी होने के बाद हटा दिया था। इन दिनों फ्लाईओवर की दोनों भुजाओं पर निर्माण कार्य चल रहा है। यहां गर्डर लॉचिंग और एप्रोच रोड बनाई जा रही है। अगस्त के पहले सप्ताह से डायवर्शन लागू होना था, लेकिन अभी तक वाहनों की आवाजाही जारी है। इसके चलते फ्लाईओवर के बीच के हिस्से का काम धीमा हो गया है। इसका असर प्रोजेक्ट की डेडलाइन पर दिख रहा है, क्योंकि फ्लाईओवर अक्टूबर तक पूरा होता बिल्कुल नजर नहीं आ रहा है।

### सर्विस रोड पर गड्ढों से बढ़ी परेशानी

सत्यसाई चौराहे पर 63 करोड़ की लागत से 746 मीटर लंबा सिक्स लेन फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इसे लेकर 15 मार्च 2024 को वर्क आर्डर जारी किया था। इसे मार्च 2026 तक पूरा होना था, लेकिन गया डेडलाइन निकल चुकी है निर्माण कार्य धीमा चल रहा है। अभी तक काम लगभग 50 फीसद ही हो पाया है।

**यातायात का दबाव अधिक :** विजयनगर से देवास नाका के बीच कई कंपनियों के कार्यरिट आफिस है। इस वजह से सुबह आठ से 11 और शाम छह से रात नौ बजे तक पूरे मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। ऑफिस टाइमिंग के दौरान हजारों की संख्या में दोपहिया व चार पहिया वाहन सड़क पर रहते हैं। ऐसे में फ्लाईओवर की दोनों भुजाओं को जोड़ने के लिए वाहनों की आवाजाही रोकना ट्रैफिक पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।